ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 09 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 95 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

पंजाब यूनिवर्सिटी आयुष्मान खुराना को ...

पेज 12 पर



# राज्य में उद्योग के विस्तार की सभी क्षमताएं विद्यमान : सीएम

### 14वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस बार इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में देश के उद्यमियों के साथ-साथ विदेशों के उद्यमियों को भी भागीदारी निभाने का मौका मिला है। इस तरह के आयोजन राज्य में उद्योग को बढ़ाने का बेहतर प्रयास है। हमारी सरकार चाहती है कि इस तरह के प्रयास निरंतर मजबूती के साथ होती रहे।

मुख्यमंत्री सोमवार को मोरहाबादी मैदान में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग के तत्वावधान में आयोजित 14वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर₹ के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को लेकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हरसंभव खड़ी रहेगी। सैकड़ों वर्षों के सफर में झारखंड को औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में जहां खड़ा होना चाहिए था उसके अनुरूप आज नहीं दिख रहा है लेकिन हमारी सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए लगातार कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने की सभी क्षमतायें विद्यमान हैं, फिर भी देश में झारखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बेहतरीन उद्योग नीति बनाई

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमारी सरकार ने एक बेहतरीन उद्योग नीति बनाने का कार्य किया है। सोमवार को कई छोटे-बड़े कॉरपोरेट घरानों ने यहां निवेश की इच्छा जताई है। पिछले दिनों जमशेदपुर में एक बड़े कॉरपोरेट सेक्टर ने औद्योगिक इकाई स्थापित करने निमित्त शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि एमएसएमई उद्योग को राज्य में बढ़ावा मिले। हमारी सरकार औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग की बेहतरी के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# केरल : नाव पलटने से 22 की मौत



**एजेंसी। मलप्पुरम**

केरल के मलप्पुरम जिले के तनूर के तूवल तेरम पर्यटन स्थल पर पर्यटक नाव पलटने की घटना में अब तक कुल 22 लोगों की मौत हो चुकी है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। हादसे के वक्त नाव में करीब 40 लोग सवार थे। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने बताया कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम नरेंद्र मोदी ने दुःख व्यक्त किया



**वहीं** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना में हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। रविवार रात को प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से ट्वीट कर कहा गया कि केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना के कारण हुए जानमाल के नुकसान से पीड़ित व शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।

### केरल नाव हादसा पर सीएम ने जताया दुःख



**रांची।** केरल में पर्यटकों की नाव पलटने में 22 लोगों की मौत पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि केरल के मलप्पुरम जिले में नाव पलटने से हुए हादसे में लोगों की मौत की दुःखद खबर मिली है। परमात्मा दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### पूर्व विधायक निर्मला देवी सहित 11 आरोपित बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को पूर्व विधायक निर्मला देवी सहित 11 आरोपितों को बरी कर दिया। यह मामल निषेधाज्ञा उल्लंघन से जुड़े एक मामले में पर्याप्त साक्ष्य के अभाव से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी सहित 10 आरोपित अदालत में व्यक्तिगत रूप में मौजूद थी। जबकि हजारीबाग जेल में बंद एक आरोपित बसारत मियां को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। चिरूडीह माइनिंग एरिया बड़कागांव में शांति भंग होने को लेकर धारा 144 लगा हुआ था। बावजूद योगेंद्र साव एवं निर्मला देवी ने अपने समर्थकों के साथ 15 सितंबर 2016 को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए कफन सत्याग्रह चलाया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विमल कुमार ने बताया कि निषेधाज्ञा उल्लंघन करने के आरोप में हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अनुज कुमार प्रसाद ने तत्कालीन विधायक निर्मला देवी, योगेंद्र साव सहित उनके समर्थकों के खिलाफ केस किया था।

## कौलेश्वरी जोन में माओवादियों का हुआ अंत

# जोनल कमांडर समेत 5 माओवादी सरेंडर

### 30 वर्षों के बाद मुक्त हुआ कौलेश्वरी जोन

### एके 56 समेत कई घातक हथियारों के साथ सरेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा माओवादियों के प्रभाव से चतरा का कौलेश्वरी सब जोन पूरी तरह मुक्त हो गया है। पिछले 30 सालों से उग्रवादी संगठन का प्रभाव कौलेश्वरी जोन में था। सोमवार को जोनल कमांडर व 10 लाख के ईनामी अमरजीत यादव, पांच लाख के ईनामी सब जोनल कमांडर सहदेव यादव, नीरू यादव, संतोष भूईंया और दस्ता सदस्य अशोक बैगा ने झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष रांची आईजी कार्यालय में आईजी अभियान अमोल वी होमकर, हजारीबाग डीआईजी नरेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पीएलएफआई का एरिया कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार

मांडर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक देशी रायफल, तीन गोली, पीएलएफआई का पर्चा और एक पीठू बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के सब-जोनल कमांडर कृष्णा यादव अपने दस्ता के साथ हातमा जंगल में घूम रहा है।

### भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू हथियार के साथ धराया

भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव का रहने वाला है। पुलिस ने इसे हेसला गांव से ही गिरफ्तार किया। इस पर दो लाख रुपए का इनाम भी घोषित था। एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एरिया कमांडर काजेश गंझू इन दिनों अपने गांव हेसला के आसपास देखा गया है।

### नक्सलियों ने सुनाई दास्तान

**प्रतिबंधित** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कौलेश्वरी जोन के सब-जोनल कमांडर दस लाख के इनामी अमरजीत यादव जमीन विवाद को लेकर नक्सली बना था। उसके रिश्तेदार (गोतिया) ने उसकी जमीन हड़पने की फिराक में थे। नक्सली ने सोमवार को सरेंडर करने के बाद कहा कि भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर प्रताप दास के जरिये वह संगठन में 2006 में शामिल हुआ। संगठन में शामिल होते ही रिश्तेदारों ने उसकी जमीन वापस लौटा दी। बिहार के गया जिले के बाराचट्टी के रहने वाले अमरजीत यादव के संगठन में सक्रिय रूप से काम करने और ग्रामीणों को संगठन में जोड़ने से संगठन मजबूत हो गया। इसके कार्य को देखते हुए 2006 में ही उसे एरिया कमांडर की जिम्मेवारी दी गयी। वर्ष 2008 में उसे सब-जोनल तथा 2021 में अमरजीत को कौलेश्वरी जोन का जोनल कमांडर और सचिव बनाया गया। इसी तरह सरेंडर करने वाला सब-जोनल कमांडर सहदेव यादव चतरा के राजपुर का रहने वाला है। वह भी जमीन विवाद को लेकर संगठन में शामिल हुआ। संगठन में शामिल होते ही उसके रिश्तेदार उसका जमीन वापस लौटा दिये। सहदेव भी वर्ष 2006 में ही संगठन से जुड़ा था।

### सुकमा में सुरक्षाबलों ने इनामी नक्सली दंपत्ति को किया ढेर

**एजेंसी। सुकमा**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेजी थाना क्षेत्र में दंतेशपुरम के जंगल में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में इनामी नक्सली दंपत्ति को मार गिराया है। मारे गए व्यक्ति पर आठ लाख और महिला पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने बड़ी मात्रा में हथियार एवं नक्सल सामग्री बरामद की है।

बताया गया कि सुरक्षाबलों को जिले के भेजी थाना क्षेत्र के दंतेशपुरम के जंगल में नक्सली एलओएस कमांडर मडकम एर्रा (एरिया कमेटी मेंबर एवं डीवीसीएम) एवं अन्य नक्सलियों की मौजूदगी की



सूचना मिली थी। इस पर सुकमा की डीआरजी, कोबरा की 202 बटालियन, सीआरपीएफ की 219 बटालियन व अन्य सुरक्षाबलों के साथ अलग-अलग स्थानों से दंतेशपुरम की ओर रवाना हुई थी। सोमवार सुबह लगभग 5:30 बजे दंतेशपुरम के जंगल में सुरक्षाबल के जवानों को नक्सली दिखे। सुरक्षाबलों का देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड के 3 खिलाड़ी चयनित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की सीरीज के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की सोमवार को घोषणा की। टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी हैं। डिफेंडर में निक्की प्रधान, मिडफील्डर में सलीमा टेटे और फॉरवर्ड में संगीता कुमारी। निक्की प्रधान खूंटी जिला की हैं। सलीमा टेटे और संगीता कुमारी सिमडेगा जिला की।

वर्तमान समय में तीनों ही खिलाड़ी रांची रेलवे में कार्यरत हैं। झारखंड के तीनों सहित भारतीय महिला हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने बधाई है। यह टीम ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ दो मैच भी खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम दो दिन के दौरे पर पहुंचे गोला के नेमरा

चचेरी बहन गुड़िया के शादी समारोह में भाग लेने पहुंचे हैं सीएम हेमंत सोरेन









**एजेंसी। रामगढ़**

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने परिवार के साथ दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को गोला प्रखंड के नेमरा गांव पहुंचे। उनके साथ उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन,कल्पना सोरेन,रूपी सोरेन सहित परिवार के सभी लोग नेमरा पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चचेरी बहन गायत्री सोरेन उर्फ. गुड़िया पिता स्वर्गीय रामू सोरेन का विवाह 8 मई को हो रहा है। विवाह को लेकर गांव को भव्य तरीके से सजाया गया है। विवाह समारोह में राज्य के कई वीआईपी और आमंत्रित अतिथि नेमरा पहुंचे हैं। इस विवाह में राज्य के मंत्री,सत्तारूढ़ दल के विधायक और सांसद भी पहुंच रहे हैं। रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड के नेमरा गांव में वीआइपीओ और मुख्यमंत्री के परिवार पहुंचने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डीसी और एसपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गांव में मौजूद हैं।

### दूसरे की परीक्षा देने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने दूसरे विद्यार्थी की परीक्षा देते हुए एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम सुमेर ढाका है और वह राजस्थान का रहने वाला है। जेल भेजने से हुई पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसे दूसरे की परीक्षा देने के एवज में राशि दी जाती है। उसने पुलिस को यह भी बताया कि जिस विद्यार्थी का वह परीक्षा लिख रहा था, उसे वह जानता नहीं है। उसे राजस्थान के कुछ लोगों ने परीक्षा देने के लिए भेजा था। एडमिट कार्ड समेत अन्य कागजात भी उसे उपलब्ध कराए गए थे। आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपने साथियों के नामों का भी खुलासा किया है। रविवार को डीपीएस स्कूल में नीट की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा देने के लिए आरोपी भी पहुंचा था। रविवार को परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की जांच शुरू हुई।

## चिंता का विषय

## एआई के गॉडफादर जेफ्री हिंटन ने कहा

# क्लाइमेट चेंज से ज्यादा खतरनाक है एआई

### हमारे दिमाग में 100 ट्रिलियन कनेक्शन हैं

### जीपीटी-4 एक व्यक्ति से सैकड़ों गुना अधिक जानता है, शायद यह वास्तव में हमसे बेहतर सीखने वाला एल्गोरिदम है



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

चैटजीपीटी, बिंग व बार्ड चैटबॉट्स का बेस एक न्यूरल नेटवर्क अपने दो छात्रों के साथ बनाने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के गॉडफादर जेफ्री हिंटन का कहना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत बड़ा खतरा पैदा कर सकता है।

जेफ्री हिंटन ने एक दशक से ज्यादा समय तक गूगल में काम किया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने अपने दो छात्रों के साथ, एक न्यूरल नेटवर्क बनाया जो चैटजीपीटी, बिंग और बार्ड चैटबॉट्स के आधार के रूप में कार्य करता था। हिंटन ने जल्द ही अपनी खुद की रचना के खतरों को महसूस किया और दुनिया को उभरती हुई टेक्नोलॉजी के जोखिमों के बारे में चेतावनी देने के लिए गूगल की नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में हिंटन ने कहा कि एआई एक ऐसा खतरा पैदा करता है जो जलवायु परिवर्तन की तुलना में अधिक खतरनाक है। उन्होंने कहा, मैं जलवायु परिवर्तन का अवमूल्यन नहीं करना चाहूंगा। मैं यह नहीं कहना चाहूंगा कि आपको जलवायु परिवर्तन के बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए। यह एक बड़ा जोखिम है। लेकिन मुझे लगता है कि एआई का खतरा अधिक जरूरी हो सकता है। जेफ्री हिंटन का बयान ऐसे समय में आया है जब कि हमारे पास अभी जलवायु परिवर्तन का एक तरीका है और जानते हैं कि चीजों को नियंत्रण से बाहर होने से रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए। हालांकि, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात आती है, तो इसके खतरों को लेकर हमारे पास कोई प्लान नहीं है। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन के साथ, यह सुझाव देना बहुत आसान है कि आपको क्या करना चाहिए। आप बस कार्बन जलाना बंद कर दें। यदि आप ऐसा करते हैं, तो चीजें अपने आप ठीक हो जाएंगी। लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं है कि आपको बचाव के लिए क्या करना चाहिए। एक अन्य साक्षात्कार में हिंटन ने चेतावनी दी थी कि एआई जल्द ही बुद्धि के मामले में इंसानों से आगे निकल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें मनुष्यों से अधिक बुद्धिमान मशीनें बनाने के संभावित परिणामों के बारे में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। हिंटन ने कहा, हमारे दिमाग में 100 ट्रिलियन कनेक्शन हैं, बड़े भाषा मॉडल में आधा ट्रिलियन, एक ट्रिलियन तक होता है। फिर भी जीपीटी-4 एक व्यक्ति से सैकड़ों गुना अधिक जानता है। तो शायद यह वास्तव में हमसे बेहतर सीखने वाला एल्गोरिदम है।

# अफसर अली से सीधे संपर्क में थे छवि रंजन, मध्यस्थों के जरिए पहुंचता था पैसा

### विष्णु अग्रवाल तीन घंटे ईडी कार्यालय में रहे, लेकिन तबीयत नासाज होने की वजह से नहीं हो पायी पूछताछ

### लखन सिंह, विपिन कुमार सिंह और राजेश राय से हुई पूछताछ



**रांची।** रांची में फर्जी कागजातों के आधार पर जमीन हथियाने के मामले में ईडी ने लगातार दूसरे दिन रिमांड पर तत्कालीन रांची डीसी छवि रंजन से पूछताछ की। वहीं चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की फर्जी कागजातों के आधार पर रजिस्ट्री के मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल, लखन सिंह, राजेश राय और विपिन सिंह को सोमवार को रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन विष्णु अग्रवाल की तबीयत नासाज होने के कारण उनसे ईडी के अधिकारी पूछताछ नहीं कर पाए। दिन के तकरीबन पौन 11 बजे विष्णु अग्रवाल ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचे थे। तबीयत नासाज होने की वजह से उनके दो तीन सहयोगी किसी तरह उन्हें अपने साथ ईडी कार्यालय के भीतर ले गए। अधिकारियों के मुताबिक, विष्णु अग्रवाल ने पूछताछ के शुरूआत में ही कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं हैं, समन मिलने के कारण वह ईडी कार्यालय आ गए, लेकिन उनके पेट व शरीर में दर्द है। ईडी के अधिकारियों ने जब विष्णु अग्रवाल से सवाल पूछना शुरू किया, तब उन्होंने कहा कि शारीरिक परिस्थितियों के कारण व सवालों का जवाब नहीं दे सकते। ऐसे में अधिकारी बाद में उन्हें जब कभी भी बुलाएंगे वह उपस्थित हो जाएंगे। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने शारीरिक समस्यों के बारे में उन्हें लिखकर देने को कहा। लिखित में अपनी समस्या बताने के बाद विष्णु अग्रवाल तकरीबन दो बजे ईडी कार्यालय से निकल गए। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पांच से सात दिनों में उन्हें ईडी दुबारा समन कर पूछताछ के लिए बुलाएगी।

ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## उपायुक्त ने की केंद्रीय सहायता और आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा

# सभी लंबित कार्यों को समय पूरा करें अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को विशेष केंद्रीय सहायता और आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं की समीक्षा की और लंबित और प्रक्रियाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी विभागों के योजनावार उसकी प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विशेष केंद्रीय सहायता मद के अंतर्गत लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने विशेष केंद्रीय सहायता मद अंतर्गत बिरसा मुंडा पुस्तकालय को विकसित करने का आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विभाग, की एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में उपायुक्त ने अड़की के बिरबांकी के चुकलु ग्राम में बनाई गई मशरूम इकाई से महिलाओं को जोड़ते हुए रोजगार सृजन की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि इसे महिला लखपति किसान केंद्र के रूप में विकसित किया जाय। डीसी ने कहा कि सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करने के साथ-साथ बुनियादी सेवाओं में बढ़ोतरी करना है। साथ ही सुव्यवस्थित ढंग से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत एवं समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ाया जा सकें।

## प्रखंड प्रमुख ने अनाज वितरण कर की शुरूआत

# रातू फुटकलटोली व सिमलिया में कार्डधारियों को मिला राशन



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सभी कार्डधारियो को झारखंड सरकार ने ग्रीन राशन कार्डधारियों को अनाज का पैकेट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रखंडों में अनाज का आवंटन भी कर दिया गया है। 6 माह से बंद ग्रीन राशन कार्ड धारियों को प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल का पैकेट वितरण किया जाना है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने सभी जनवितरण दुकानदारों को निर्देश दिया है कि चावल का पैकेट जैसे ही प्राप्त हो उसकी सूचना दुकानदार अपने सभी कार्डधारियों को दें और अनाज का वितरण शुरू करें। राशन का वितरण ई - पास मशीन से किया जाएगा। राशन वजन करने की जरूरत नहीं है। प्रति पैकेट जो 5 किलो का है उसे कार्ड में जुड़े व्यक्ति की संख्या के अनुसार 5 रुपया प्रति पैकेट की दर से देना है। रातू के सिमलिया व फुटकलटोली पंचायत के जनवितरण दुकानदार अनीसा खातून व मोबिन अंसारी के द्वारा सोमवार को अपने दर्जनों ग्रीन राशन कार्डधारियों को अनाज उपलब्ध कराया है। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी व फुटकलटोली पंचायत के मुखिया प्रभा तिर्की ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार के मौजूदगी में लाभुकों को अनाज का पैकेट देकर इसकी शुरूआत की। रातू के अन्य पंचायतों के जनवितरण दुकानों तक ग्रीन कार्डधारियों का अनाज भेज दिया गया है। फिलहाल लाभुकों को नवंबर माह का राशन उपलब्ध कराया जायेगा।

## रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल में योगा कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एवं इंडियन योगा एसोसिएशन, झारखंड चैप्टर, रामकृष्ण मिशन के 50 सेंटर ,पतंजलि योग के विभिन्न सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल एवं डिमना लेक परिसर में योगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंडियन योगा एसोसिएशन झारखंड चैप्टर के सचिव अमित कुमार ने बताया कि 100 कम डाउन के तहत केंद्रीय आयुष मंत्रालय मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट योगा, नई दिल्ली के सहयोग से यह चलाया जा रहा है। 13 मार्च से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 20 जून को खत्म होगा। 100 दिन किसी ने किसी शहर में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हम लोग जानते हैं कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस है, लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया है।

## बजरंग दल द्वारा आज 5000 स्थानों पर हनुमत शक्ति जागरण

**रांची ।** बजरंग दल द्वारा मंगलवार को देश भर में कुमति निवार सुमति के संगी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के माध्यम से, हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण कर देश विरोधी हिंदू द्रोही मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान पर झारखंड में भी 5000 स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री ने इसकी घोषणा करते हुए कहा है कि कर्नाटक कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ, हिमाचल प्रदेश, व महाराष्ट्र सहित झारखंड राज्य के कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं द्वारा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने व इस देशभक्त संगठन की तुलना पीएफआई जैसे देशद्रोही, आतंकी व हिंसक संगठन से करना बहुत ही अपमान जनक है। हिंदू समाज इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक ढंग से उसका विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि बजरंग दल देश भर में गौरक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्मरक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे अनेक प्रकार के सेवा कार्यों में लगा है ऐसे संगठन को प्रतिबंधित करने का मांग करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## राजद का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड प्रभारी से की मुलाकात

**रांची।** सोमवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का एक प्रतिनिधिमंडल जेडीयू के झारखंड प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी जदयू के विधायक और सह प्रभारी मनोज यादव से की औपचारिक मुलाकात तथा महागठन के एकजुटता पर हुई बात। मुलाकात के दौरान मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि हमसब का एक ही दुश्मन है भाजपा उसे परास्त करने के लिए हमसभी को एकजुटता के साथ उसे सता से बाहर करने के लिए अभी से ही मेहनत करने की आवश्यकता है।


**OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER**
**ELECTRIC WROKS DIVISION, RANCHI**
**Energy Department, Govt of Jharkhand.**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-Energy/EWD/Ranchi/04/23-24**

Quotation through e-tender are invited for rate of Item/materials annexed as Annexure-1 for framing estimate from Reputed Manufacturers/ authorize agency/ Departmental registered contractor. The Item/Material Rate conforming to specifications shall be submitted online in the website Https://Jharkhandtenders.gov.in. Details are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate online from 16/05/2023 at 11:00 hrs. to 22/05/2023 at 14:00 hrs. The quotation will be opened on 23/05/2022 at -14:00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Item/Material Rate at par with lowest market rate for framing of Estimate.

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division,
Ranchi.

PR 296807 Energy(23-24)D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा**
**समाहरणालय भवन, कोडरमा, दूरभाष: 8002410681**
**jepckoderma@yahoo.co.in & kodermassa@gmail.com**

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आवश्यक सूचना**

विषयः– यू–डाईस प्लस 2022–23 हेतु ई–विद्यावाहिनी अंतर्गत विद्यालय में नामांकित विद्यार्थीवार आँकडा Child Wise Mandatory Field में अद्यतन करने के संबंध में।

विभागीय सचिव, स्कूली शिक्षा एवं सक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक MIS/06/2019/151(PaRT-5)/381 दिनांक 06.02.2023 के आलोक में यू–डाईस युक्त सभी निजी विद्यालयों को ई–विद्यावाहिनी अंतर्गत Child Wise Mandatory Field में विद्यालय के नामांकित सभी विद्यार्थी का आँकडा अद्यतन करने का निदेश प्राप्त है। इस संबंध में इस कार्यालय का ज्ञापांक 198 दिनांक 10.02.2023 एवं पत्रांक 381 दिनांक 22.03.2023 निर्गत है। समीक्षा के क्रम में देखा जा रहा है कि निजी विद्यालयों के द्वारा विद्यार्थियों के आँकडों का अद्यतनीकरण नहीं किया जा रहा है।

अतः उक्त के आलोक में कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित सभी यू–डाईस युक्त निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधक को सूचित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक 09.05.2023 तक ई–विद्यावाहिनी अंतर्गत Child Wise Mandatory Field में सभी नामांकित विद्यार्थियों का शत्–प्रतिशत आँकडा एवं विवरणी अनिवार्य रूप से अद्यतन कर लेगें। दिनांक 09.05.2023 तक अद्यतनीकरण का कार्य पूर्ण नहीं होने कि स्थिति में संबंधित निजी विद्यालयों का यू–डाईस कोड को रद्द कर दिया जाएगा एवं नामांकित विद्यार्थियों को नजदीकी विद्यालयों में नामांकित करा दिया जाएगा।

इसे अतिआवश्यक समझे।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 296706 Jharkhand Education Project Council(23-24).D



**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice, (1st Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/01/2023-24(1st Call)** **Date :- 06.05.2023**

1. Name of Work-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in Chouparan & Daru blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation a nd Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 202 3-24 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HZB/SVS_Cluster/ CHOUPARAN-1.19 | 01 | 343 | 136.37 | 02.75 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | HZB/SVS_Cluster/ DARU-42 | 02 | 375 | 97.39 | 01.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3. | HZB/SVS_Cluster/ DARU-43 | 01 | 313 | 99.66 | 01.00 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-08.05.2023.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-15.05.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-16.05.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5. | Date of opening tender | Date:-17.05.2023 upto 03.00 PM | | | | | |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | | | |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 296783 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा**

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक : 13 मई 2023 (शनिवार)
समय : 07:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक
स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

**सर्वसाधारण को सूचना**

विदित हो कि **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार**, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं **झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार** (झालसा) के नेतृत्व में **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा** के द्वारा दिनांक **13/05/2023**, दिन शनिवार, **समय 07:30 बजे पूवाह्न** से **12:30 बजे** अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोडकर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोडकर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू.अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

कुमार गौरव
पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

आदित्य रंजन
उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

विरेन्द्र कुमार तिवारी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

नोटः इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 7:30 बजे पूर्वाहन से 12:30 बजे अपराहन तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

निवेदकः
अभिषेक प्रसाद
मो0 6200937857
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।

PR 296802 Law(23-24).D


## सेंटर ऑफ एक्सेलेंस एथलेटिक्स के लिए चाईबासा में चयन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। पर्यटन, कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस एथलेटिक्स (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) के लिए बालक एव बालिका आयु वर्ग 16 से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन एसोसियेशन स्टेडियम, चाईबासा में शुरू हुआ, जिसमें पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला के अनेकों राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं दूसरे दिन प्रातः 8:00 बजे से चयन शुरू होगा। चयन के अवसर पर ओलंपियन मनोहर टोपनो, समन्वयक, साझा, प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह आवासीय प्रशिक्षक,चाईबासा नीरज राय- आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक, चंदनक्यारी, बोकारो योगेश यादव - आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक, साहेबगंज उपस्थित थे। वहीं कोच सोना राम चंपिया, राहुल कुमार , कमल कुमार समेत आवासीय बालक फुटबॉल केंद्र के प्रशिक्षुओ का सराहनीय सहयोग रहा। 11 मई बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, रांची में ट्रायल होंगे। अंतिम रूप से चयनित( बालक/बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कला-एकीकृत प्रदर्शनी आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में कलाजंलि- कला-एकीकृत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राइमरी विंग के छात्रों ने कला एकीकृत प्रदर्शनी का आयोजन किया जो हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित और विज्ञान के क्षेत्र में उनके पाठ्यक्रम के साथ एकीकृत थे। उन्होंने हाथ से बने आभूषण, पेपर बैग, पेंटिंग जैसी वस्तुओं की एक श्रृंखला प्रदर्शित की थी। छात्रों ने एसडीजी- जमीन पर जीवन और पानी के नीचे जीवन पर एक पूरी दीवार को भी सजाया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एनईपी-2020 में इनोवेशन और क्रिएटिविटी पर जोर देने और ह्यलर्निंग बाय डूइंगह्य को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल इस तरह की प्रदर्शनी आयोजित करता है।

## फुटबॉल टीम के उपविजेता बन कर लौटने पर हुआ भव्य स्वागत




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
राज कॉलेज ग्राउंड झारग्राम, पश्चिम बंगाल में आयोजित दिनांक 5 मई से 7 मई 2023 तक 11 वीं जूनियर अंडर 19 बालक नाइन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम उपविजेता बन कर राँची लौटने पर आज सुबह रांची रेल्वे स्टेशन में खेल प्रेमी एवं समाज सेवी जगदीस सिंह जग्गू ने झारखंड नाइन ए साइड फुटबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता को फोन कर सभी झारखंड के खिलाड़ियों को उपविजेता बनने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही समाज सेवी श्री उत्तम यादव एवं श्री दीपक वर्मा ने उपस्थित हो कर ब्रजेश गुप्ता एवं सभी खिलाड़ियों को फूल माला पहना कर स्वागत की एवं हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस मौके पर साथ में नितेश वर्मा, गोलू वर्मा, अंश वर्मा एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।


**Office of Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**
**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(3rd Call)**

**Tender reference:- HZB/UNTIED/DT/24/2022-23 (3rd Call)** **Date :- 08.05.2023**
**P.R. No.- 294447, 282647 Drinking Water and Sanitation (22-23).D**

| Sl. No | Particulars | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Construction of Drilled Tube Wells of 125 mm x 115 mm dia. x 60.00 Mtr. avg. depth with installation of India Mark-II ( I.S. 15500 Part-2/2004) Hand Pump in differet places of District Hazaribagh under D. W. & S. Division Hazaribagh for the year 2022-23 on "TURN KEY BASIS". [Head-Untied Fund] | | | | | |
| | | Group No. | No. of D/T | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required (in Rs.) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | | HZB/UNTIED/DT-01 | 23 Nos. | 19,12,967/- | 40,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 10.05.2023 up to 02:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 15.05.2023 upto 05.00 PM | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 16.05.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 17.05.2023 at 03.30 AM | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR 296794 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## रिम्स के सुरक्षा प्रभारी बनाए गए ब्रजेश कुमार

# 12 पुलिस अधिकारियों का हुआ तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार देर रात 12 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में एसएसपी की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। सभी पुलिसकर्मियों को जल्द योगदान देने को कहा गया है। अनगड़ा थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार को रिम्स का सुरक्षा प्रभारी बनाया गया है। जबकि रिम्स के सुरक्षा प्रभारी नवीन कुमार को अनगड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है। नामकुम थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारी आकाश भारद्वाज को खादगढ़ा टीओपी प्रभारी बनाया गया है। साथ ही खादगढ़ा टीओपी प्रभारी सतीश बरनवाल को सोनाहातु थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार पंडरा ओपी प्रभारी चंद्रशेखर को पुलिस केंद्र, बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता को पुलिस केंद्र, मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार को नामकुम थाना, सुखदेव नगर थाना में पदस्थापित विपुल कुमार ओझा मुरी ओपी प्रभारी, सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम को बेड़ो थाना प्रभारी, नामकुम थाना में पदस्थापित शिव नारायण तिवारी को पंडरा ओपी प्रभारी, इटकी थाना प्रभारी रजनी रंजन को सुखदेव नगर थाना और तमाड़ थाना में पदस्थापित अमित प्रशांत को इटकी थाना प्रभारी बनाया गया है।




## डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में आइरिश हॉस्पिटल के सहयोग से पांच दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर की शुरूआत सोमवार को हुई। आइरिश हॉस्पिटल के डॉ सुबोध कुमार सिंह, डॉ रीना सिंह, डॉ गौतम लोकदर्शी, डॉ गोपाल सिंह व डॉ दीपिका सिंह ने कक्षा तीन से 12वीं तक के विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर उन्हें परामर्श दिये गए। बताया गया कि विद्यार्थियों के लिए हेल्थ कार्ड व आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 12 मई की सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक विद्यार्थियों के अभिभावकों की भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन होता रहेगा।

# डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में बने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। डीसी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को चुनाव आयोग के दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की और संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी को लेकर ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया।

## हेजाज अशदक फिर चुने गए कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष

**रांची।** होटल गंगा रेसीडेंसी रांची में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की आमसभा सह चुनाव सोमवार को हुआ। सत्र 2023-27 के लिए नई कार्यकारणी का गठन किया गया। इसमें खूंटी के हेजाज असदक निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए, जबकि मानस सिंहा (रांची) को अध्यक्ष, अमित चौधरी (दुमका) सचिव तथा उदय कुमार (हजारीबाग) को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही खूंटी के शादाब खान को सह सचिव तथा संतोष गोस्वामी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। हेजाज असदक झारखंड के एक मात्र विश्व कराटे संघ के अधिकृत कोच और एशियन कराटे फेडरेशन के अधिकृत एशियन रेफरी हैं तथा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की रेफरी काउंसिल के चेयरमैन भी हैं। हेजाज असदक के उपाध्यक्ष चुने जाने पर खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे संघ के सचिव हरीश कुमार, निराली गुड़िया तथा अभिषेक सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## रांची में महिला पत्रकार और उसके पुत्र की संदिग्ध हालात में मौत

**रांची।** शहर के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी में महिला पत्रकार और उनके पुत्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली कि एक युवक अरमान दत्त छत की सीढ़ी से गिर गया है। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग को वहां भेजा गया। पेट्रोलिंग टीम घायल को अस्पताल ले गयी। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि महिला पत्रकार सुधा सिन्हा पहले से बीमार थी। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गयी। उनके पति हाई कोर्ट में अधिवक्ता है।

# एकल युवा का राष्ट्र अधिवेशन का हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

06 व 07 मई 2023 को कोलकाता में एकल युवा का राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन संपन्न हुआ। जहां देश भर के 16 चैप्टर के अधिकारी व सदस्यों ने साल भर की गई गतिविधियों का विवरण दिया, साथ ही इस वर्ष की रूपरेखा पर भी प्रकाश डाला। इस अधिवेशन में 15 कैटेगरी पर सभी चैप्टर प्रतिभागी होते हैं और उन्हें वोटिंग से चयन करके पुरस्कृत किया जाता है। इसके अलावा 2 व्यक्तिगत पुरस्कार भी होते है। इस वर्ष कुल 15 पुरस्कार में से रांची चैप्टर को 3 पुरस्कार से नवाजा गया। संस्कार शिक्षा, सदशयों में एकता और सदस्यों की प्रतिभागिता, इन 3 विषयों में रांची चैप्टर को सर्वाधिक वोट मिले। और व्यक्तिगत श्रेणी में एकल युवा रांची के अध्यक्ष विशेष केडिया को देश के सबसे क्रियाशील सदस्य से नवाजा गया। कुल 4 पुरूस्कार पा कर रांची चैप्टर सबसे ज्यादा पुरूस्कार पाने वाला चैप्टर बना। इस अधिवेशन में अध्यक्ष विशेष के साथ उनके टीम के निपुण जैन, प्रिया पोद्दार, राधा ड्रॉलिया, अमित बजाज और जैतेग सिंह अधिवेशन में समिलित होने कोलकाता गये थे। पुरस्कार पाकर सभी में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और टीम पूरे जोश से अगले वर्ष और अच्छा प्रदर्शन करने और रांची का नाम देश भर में रौशन करने में लग गई है।

# ग्रामीण विकास मंत्री से मिल मथुरा महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जर्जर सड़कों, पुल-पुलिया की मरम्मत एवं नवीनीकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत के साथ - साथ पुल -पुलिया की मरम्मत कराने पर जोर दिया। कहा कि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा बरसात के मौसम में लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि टुंडी में जाने जाने के लिए मात्र एक बेहतर सड़क यही है वह काफी जर्जर स्थिति से गुजर रही है। उस पर ध्यान देकर सरकार बरसात से पहले काम लगाने का प्रयास करे ताकि लोगों को बारिश से पहले राहत मिल सके। मिलने आए टुंडी विधायक की बातों को ध्यान पूर्वक सुन मंत्री ने जर्जर सड़कों व पुल -पुलिया की मरम्मत को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। है।



NEWS इन ब्रीफ

## शारदा ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची।** आर्यभट्ट सभागार में आयोजित तीन दिवसीय सांसद महोत्सव में शारदा ग्लोबल स्कूल के जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सूबेदार ताना जी की गाथा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कत्थक नर्तक विपुल नायक व शालिनी ने छात्रों की उत्कृष्टता को श्रेणी प्रदान की। डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, पदक व ट्रॉफी प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

## गुमला में पत्नी की हत्या आरोपित गिरफ्तार

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भीतर सेरका गांव में 35 वर्षीय महिला रंथी देवी की उसके पति दिलेश्वर खेरवार ने कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। आरोपित पति को बिशुनपुर पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि भीतर सेरका गांव में पति-पत्नी के बीच आपसी झगड़ा हुआ था। इसके बाद पति ने महिला की गर्दन काटकर हत्या कर दी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## सरकार की कठपुतली बनकर कार्य ना करे प्रशासन

**जमशेदपुर।** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सांप्रदायिक उपद्रव मामले में प्रशासन ने निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर बिना जांच किये दर्जनों गलत धाराओं को जोड़कर गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भाजपा ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आहूत प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत जमशेदपुर के तमाम बड़े नेता व हजारों कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ हुंकार भरी। इस दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में जिला प्रशासन की पक्षपाती पुलिसिया कार्रवाई को गलत बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया।

# सड़क दुर्घटना व सर्प दंश में मृतकों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की मिली स्वीकृति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना/ सर्प दंश से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवदेन अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है। उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना/ सर्प दंश के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। रांची जिला अंतर्गत रातू, कांके, ओरमांझी एवं इटकी अंचल अधिकारीयों के प्रतिवेदनानुसार राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति स्वरुप मृत व्यक्ति के आश्रितों को 1-1 लाख रुपए एवं सर्प दंश के तहत मृत व्यक्ति के आश्रित को 4 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गई है। निम्न आश्रितों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा : आवेदिका- चंचला देवी-मृतक- स्व.जितेन्द्र कुमार महतो(पति) मृत्य- 23.05.2022 (सर्पदंश) अंचल- कांके, क्षतिपूर्ति- 4,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- रामेश्वर उराव- मृतक-स्व० बिना तिग्गा (पत्नी) मृत्यु- 28.05.2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- रामेश्वर उरांव-मृतक- स्व. निहारिका उरांव (पुत्री)- मृत्यु- 28.05.2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- नारायण कांदु मृतक- रामसुंदर साहू (पुत्र) मृत्यु- 13-03-2022 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू , क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका- सुनीता देवी मृतक- स्व. राहुल नायक (पति) मृत्यु- 08-07-2021 (सड़क दुर्घटना), अंचल- रातू क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- सुधीर सिंह मृतक- स्व० दीपक कुमार सिंह (पुत्र) मृत्यु- 08-07-2021 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका- रजिया खातून मृतक- इस्लाम अंसारी (पति) मृत्यु- 16-10-2022 (सड़क दुर्घटना)अंचल- ओरमांझी, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका-सुनीता मृतक- स्व. कोमल कुमारी (पुत्री) मृत्यु- 11.02.2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- अनिल तिवारी मृतक- स्व. प्रशांत तिवारी (पुत्र) मृत्यु-05-02-2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू क्षतिपूर्ति-1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- श्री बिनोद यादव मृतक- स्व. रिशु कुमार (पुत्र) मृत्यु- 15-08-2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू, क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- मनोज विश्वकर्मा मृतक- स्व. रौशन कुमार (पुत्र) मृत्यु- 15-08-2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका- बिना देवी मृतक- स्व. दिलीप महतो (पति) मृत्यु- 30.10.2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- रातू क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदक- दिवेन्द्र मृतक- स्व. आयुष तिर्की (पुत्र) मृत्यु- 10-05-2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- इटकी क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका- बीणा कुजूर मृतक- स्व. अजय कुजूर (पति) मृत्यु- 11.09.2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- इटकी क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका- सवित्री कुमारी मृतक- स्व. मंगरु उरांव (पति) मृत्यु- 11.09.2022 (सड़क दुर्घटना) अंचल- इटकी क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए मात्र। आवेदिका-सलीनी करकेट्टा मृतक- स्व. नीतिक करकेट्टा (पुत्र), मृत्यु- 28.12.2021 (सड़क दुर्घटना) अंचल- इटकी क्षतिपूर्ति- 1,00,000 रुपए की हुई स्वीकृति।

### हथियाडीह पॉवर सबस्टेशन का मंत्री चंपई सोरेन ने किया उद्घाटन, कहा-

# अब मिलेगी निर्बाध बिजली




**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
जिले के आदित्यपुर में हथियाडीह पॉवर सबस्टेशन का मंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को बटन दबाकर उद्घाटन किया। 33/11 केवी के इस हथियाडीह पॉवर सबस्टेशन का मुख्य उद्देश्य आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर समेत उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराना है। अत्याधुनिक गैस इंसुलेटेड सिस्टम पर आधारित इस पॉवर सबस्टेशन को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, जेबीवीएनएल द्वारा स्थापित किया गया है। हथियाडीह पॉवर सबस्टेशन उद्घाटन के उपलक्ष्य पर मंत्री चंपई सोरेन के साथ एसिया अध्यक्ष संतोष खेतान, कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री चंपई सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि विद्युत उप केंद्र की स्थापना होने से संपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र को अब बेहतर तरीके से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सभी क्षेत्रों को बिजली मिल सके। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 11 सब स्टेशन का निर्माण इसी तर्ज पर किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसके अलावा जिले में अन्य विकास कार्य स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क के क्षेत्र में भी सरकार लगातार बेहतर प्रयास कर रही है।

**जीआई सिस्टम पर आधारित पहला विद्युत सबस्टेशन:** जेबीवीएनएल द्वारा डेडिकेटेड फीडर के माध्यम से इंडस्ट्री को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के उद्देश्य से इस पावर सब स्टेशन की स्थापना की गई है। 10 करोड़ की लागत से बना यह विद्युत सबस्टेशन गैस इंसुलेटेड सिस्टम पर आधारित है। जिसमें लेटेस्ट 'कटिंग एज टेक्नोलॉजी' का प्रयोग किया गया है। इस विद्युत सबस्टेशन का टेक्नोलॉजी अत्याधुनिक है। जिसमें छोटे से स्थान पर इसे आगे भविष्य में स्थापित किया जा सकेगा। फिलहाल, हथियाडीह सबस्टेशन से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और इंडस्ट्रियल एरिया को निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी। हथियाडीह पॉवर सबस्टेशन में गम्हरिया रामचंद्रपुर ग्रिड से 33/11 केवी विद्युत आपूर्ति की जाएगी। सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति के लिए पूरी तरह से अंडर ग्राउंड केबलिंग किया गया है। सबस्टेशन में 2 गुणे 10 केवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दावा किया जा रहा है कि इस सबस्टेशन के शुरू होने से औद्योगिक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी और स्थानीय उद्योगों को अब दूसरे विद्युत आपूर्ति एजेंसियों पर निर्भर नहीं रहना होगा।

## डीसी ने रांची में यातायात व्यवस्था की समीक्षा की दिए कई निर्देश

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को शहर में सुगम यातायात व्यवस्था से संबंधित बैठक हुई। बैठक में डीसी ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पूर्व की बैठकों में दिए गए दिशा-निदेशों के आलोक में अब तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में पीपीटी के माध्यम से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाये गये सभी छह जोन में अब तक किये गये कार्य की जानकारी दी गयी। कई स्थानों पर और बेहतर कार्य के लिए डीसी और एसएसपी किशोर कौशल की ओर से एसपी ट्रैफिक एचबी जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक एवं जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश को निर्देश दिया गया। इससे पूर्व शहर में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सभी छह जोन में अव्यवस्थित ट्रैफिक बूथ, विज्ञापन बोर्ड, बिजली के खंभे स्थानान्तरित करने, सड़क मरम्मति, फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं ऑटो-साइकिल स्टैंड हटाने आदि का निर्देश दिया गया था।

# सीनी स्टेशन पर रुकेगी हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
भारतीय अर्थव्यवस्था में रेलवे का एक अलग और महत्वपूर्ण योगदान है। आम आदमी के लाइफ लाइन को रेलवे से जोड़कर हम देखते हैं। समय की बचत और बजट में देश का आम नागरिक यात्रा करता है। यह बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के सांसद अर्जुन मुंडा ने सरायकेला के सीनी रेलवे स्टेशन पर कहीं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा, रेलवे के अधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हावड़ा से बड़बिल एक खनिज संपदा से भरा क्षेत्र है, जहां इस ट्रेन के ठहराव होने से लोगों को बड़ा फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे सभी रूटों पर अधिक से अधिक रेलों का परिचालन करे। यात्रियों की सुविधाओं में भी इजाफा करे ताकि लोगों को सहूलियत हो सके। सीनी स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12021 हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस का खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से ठहराव की मांग थी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर यात्रियों की प्रतीक्षित मांग सोमवार से पूरी हुई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस मांग को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी।

# ऊर्जा मेला सह ओटीएस कैम्प आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पहल से विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल मांडर द्वारा मुड़मा मैदान में ऊर्जा मेला सह डळर कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। उन्होंने उपभोक्ताओं को 100 यूनिट फ्री बिजली एक मुस्त ब्याज माफी योजना के बारे लोगों को बताया। साथ ही बिजली से संबंधित समस्याओं के बारे भी अधिकारियों से बिस्तृत चर्चा कर समस्याओं का जल्द निराकरण करने का निर्देश दिए। आज के शिविर में 55 उपभोक्ता के द्वारा माफी योजना का लाभ लिया गया और कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए । इस आयोजन कैम्प में कार्यपालक अभियंता श्री हिमांशु कुमार , सहायक विद्युत अभियंता श्री प्रशांत कुमार सिंह , कनीय अभियंता श्री रजनीश कुमार व विकास द्विवेदी बिधायक प्रतिनिधि ऊर्जा आबिद अंसारी नसीम अंसारी अर्जुन महतो शमसुल शेख,मुखिया बंधन उरांव एवम बिभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## हाई कोर्ट में डायन बिसाही मामले की सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को राज्य में डायन बिसाही के शक में हत्या एवं मारपीट की बढ़ती घटनाओं का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। कोर्ट ने मेंबर सेक्रेट्री, झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) को निर्देश दिया कि वह बताएं कि डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं जिलों के किस-किस क्षेत्र में सर्वाधिक होती हैं। ऐसे जगहों को चिन्हित करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराएं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई पांच जुलाई निर्धारित की है। मामले में एमिकस क्यूरी सुचित्रा पांडे ने पैरवी की। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान झालसा ने कोर्ट को बताया था कि झालसा वैसे जगह पर पहुंची है, जहां डायन बिसाही जैसी घटनाएं घटित होती हैं। इन क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि डायन को लेकर होने वाली हत्या पर रोकथाम हो सके।

# बिना वैध लाइसेंस के व्यवसाय न करें कोई भी दुकानदार : एसडीएम




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
द फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड लाइसेंस एंड रजिस्टस्ट्रेशन ऑफ फूड बिजनेस 2011 के अधिनियम के आलोक में खाद्य सुरक्षा प्रावधानों को लागू करने में अपेक्षित सहायता और परामर्श के लिए जिला स्तरीय परामर्शी समिति का बैठक की सोमवार को आयोजित गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी और सदस्य सचिव ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारी को फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना वैध लाइसेंस रजिस्ट्रेशन का खाद्य कारोबार करना जुर्म है ,जिसमें सजा और जुमार्ना का प्रावधान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट अपने किचन परिसर को साफ सफाई का ध्यान रखेंगे। मिलावटी या एक्सपायरी खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं करेंगे। खाद सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण एवं नमूना का संग्रह किया जाएगा। नमूना फेल होने पर नियम संगत कारवाई की जाएगी। आंगनबाड़ी सहायिका- एमडीएम कुक को खाद्य सुरक्षा के साफ-सफाई से संबंधित ट्रेनिंग दी जाएगी। मिड डे मील आंगनबाड़ी कस्तूरबा स्कूल में परोसा जानेवाला फोटीर्फाइड राइस के प्रति भ्रांतियों को दूर करने के बात कही गई।

## देश में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े

**रांची।** बिहार के भवन मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि देश में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े। इसके लिए विपक्षी पार्टियों की एकजुटता का प्रयास हो रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देशभर के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रहे हैं, जहां खुद संभव नहीं हो रहा वहां अपने प्रतिनिधि भेज रहे हैं। अशोक चौधरी सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब देश की जनता बदलाव चाह रही है। ऐसे में देशभर की विपक्षी पार्टियों को एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए काम किया जा रहा है। झारखंड में भी जदयू के वरिष्ठ साथी आए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी की है। विपक्षी एकजुटता का नेता कौन होगा? इस सवाल के जवाब में उन्होंने नाम लेने से इनकार किया और कहा कि अभी एक मंच पर सभी पार्टियों को लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका विचार सभी विपक्षी पार्टियां एक मंच पर आकर तय करेंगी।

**सही व्यवस्था** | स्वास्थ्य व समाज कल्याण विभाग से संबंधित हुई समीक्षा बैठक

# सभी एमओआईसी को लक्ष्य अनुरुप कार्य करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, एसीएमओ-2, सभी एमओआईसी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, सभी सीडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था के संबंध में सिविल सर्जन और एमओआईसी से जानकारी ली गयी। उन्होंने कहा कि तापमान में बढ़ोतरी को देखते हुए व्यवस्था दुरुस्त रखें। खासकर बच्चों के लिए उपायुक्त ने अस्पतालों में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की खाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कहा कि बढ़ती गर्मी के मद्देनजर बच्चों की सेहत के लिए उचित भोजन की व्यवस्था करें। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा नवजात शिशु देखभाल में खराब प्रदर्शन करने वालें केंद्रों को प्रदर्शन में सुधार का निर्देश दिया गया। योजना अंतर्गत संस्थागत प्रसव में खराब प्रदर्शन पर उपायुक्त ने संबंधित प्रखंड को सुधार करने के निर्देश दिये। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कैशलेस सुविधा, मुफ्त वैक्सीन, दवा, जांच, खून की व्यवस्था, प्रसव के दौरान रेफर करने की स्थिति में मुफ्त सुविधा देने को लेकर उपायुक्त द्वारा आवश्यक व उचित दिशा निदेश दिया गया। टीकाकरण/ संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने ड्यू लिस्ट के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिये। उन्होंने कहा कि आईएफए एवं कैल्शियम टेबलेट का आवश्यकता अनुरूप वितरण सुनिश्चित करें। एएनसी अवीवमेंट पर उपायुक्त द्वारा सभी एमओआईसी को समन्वय बनाते हुए लक्ष्य प्राप्ति करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने नियमित तौर पर ब्लॉक लेवल टॉस्क फोर्स की बैठक आयेजित करने को कहा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वीएचएसएनडी दिवस ससमय शुरू करने और इस संबंध में पहले सूचना देने के निदेश दिये। उपायुक्त द्वारा सभी कुपोषण उपचार केन्द्र में कुपोषित बच्चों को बेड अनुरूप शत प्रतिशत भर्ती कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समन्वय बैठक सुनिश्चित करें। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पोषण ट्रेकर ऐप में शत प्रतिशत डाटा इन्ट्री करने का निदेश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को दिया।

## झारखंड में बढ़ी तपिश बादलों ने दी राहत

**रांची।** झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। एक बार फिर तपिश शुरू हो गई है। हालांकि, कड़ी धूप के बीच बादलों की आवाजाही से थोड़ी राहत मिल रही है। राज्य के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री पार हो चुका है। मौसम विभाग की मानें तो अभी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अभी तापमान में और बढ़ोतरी भी हो सकती है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। चार दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। नौ मई को राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना है। दस मई से फिर से मौसम साफ रहने की संभावना है। उन्होंने ने बताया कि आठ मई को राज्य का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले कुछ दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 11 मई से 13 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे।

### धूमधाम से रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई

# सच्ची शिक्षा वह है जो जीव के अस्तित्व को आगे ले जाये : प्रो. उपेन्द्र उपाध्याय



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के प्रांगण में राष्ट्रकवि गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती धूम-धाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड, डीफार्मा, बीएससी नर्सिग एवं जीएनएम के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान की शैक्षणिक सचिव श्रीमती दीपाली पराशर ने उनके इस वक्तव्य पर जोर देकर कहा कि केवल खड़े होकर और समुद्र को देखते रहने से आप उसे पार नही कर सकते। इसके लिए हमें उस दिशा में कर्म करने की आवश्यकता है। हम सभी को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। बी.एड. विभाग के प्रो० उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उच्चतम शिक्षा वही है जो हमें केवल जानकारी नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को उसके पूरे अस्तित्व के साथ सामंजस्य बिठाने में सहायता करती है एवं इसका अंतिम लक्ष्य उन लोगो की स्थितियों में सुधार करना है जो हाशिये पर है। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के प्राचार्य तथा सभी व्याख्याता एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# वडेरा ज्वेलर्स में दिनदहाड़े डकैती, लाखों के चांदी ले भागे अपराधी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर में पिछले 11 अप्रैल को अपराधियों ने एलआईसी कार्यालय के समीप 29 लाख 34 हजार रूपए हथियार के बल पर लूट लिये थे। 8 मई को 1 :45 बजे हथियार बंद 4 अपराधियों ने शहर के शिवम कॉम्पलेक्स स्थित वडेरा ज्वेलर्स से हथियार के बल पर लाखों रूपए मूल्य के चांदी की ज्वेलरी की लूट की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दिन के 1:45 बजे बाइक पर सवार 4 अपराधी हथियार के साथ पहुंचे। जिनमें से दो ने हेलमेट पहना था, वहीं, दो ने टोपी पहनी हुई थी। साथ ही अपराधियों ने मास्क लगाया हुआ था। वडेरा ज्वेलर्स पहुंचने के बाद अपराधियों ने वहां के कर्मचारी आकाश सिंह को कब्जे में ले लिया। आकाश सिंह के अनुसार अपराधियों ने उनका हाथ बांध दिया और एक थैले में लाखों रूपए के चांदी की ज्वेलरी भरकर वहां से भाग निकले। बताया जा रहा है की अपराधी नईसराय की ओर से आए थे और घटना को अंजाम देने के बाद मेन रोड की तरफ से भाग निकले। घटना के बाद थाना प्रभारी रोहित महतो पुलिस बल के साथ वडेरा ज्वेलर्स पहुंचे और इसकी जानकारी ली। वहीं, घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस द्वारा जगह जगह छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी रोहित महतो ने बताया की घटना में शामिल अपराधी शीघ्र पकड़े जाएंगे। इधर, सीसीटीवी पर घटना को अंजाम देने आए अपराधियों का फुटेज कैद हो गया है। जिसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## बरही में एक और मौत, परिजनों ने हत्या और पुलिस की लापरवाही का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सोमवार को विजैया पंचायत के विजैया गांव में वृद्ध महेंद्र यादव की कुएं में शव मिलने का सनसनी खेज मामला सामने आया है । मृतक के पुत्र रोहित यादव के अनुसार घटना की जानकारी अहले सुबह गांव वालो ने दिया । गांव वालो की मदद से ही कुएं से शव निकाला कर पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । परिजनो ने हत्या का मुख्य कारण जमीन विवाद बताए है । परिजनों का कहना है कि उनके पुश्तैनी बंदोबस्त जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग लोगो की नजरे टिकी थी । जिसे जबरन चहारदीवारी तोड़कर सामूहिक रूप से बाजार लगवा दिया गया । जिसकी नामजद लिखित सूचना अंचल और बरही थाना को भी दिया गया था । अंचल कार्यालय ने यथास्थिति कायम रखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना को सूचित भी किया गया था । परंतु जमीन से अवैध कब्जा और बाजार हटाने मामले में उनलोगो को जान से मारने की धमकी मिलती रही । इसकी लिखित जानकारी थाना को भी दिया जाता रहा है । परंतु थाना ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके परिणाम सामने है ।

### रामगढ़ में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# ससमय योजनाओं को करें पूर्ण : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों की सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। इस दौरान डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने विभागवार संबंधित अधिकारियों से अबतक हो चुके कार्यों एवं शेष कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर ससमय योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने विभिन्न अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को उनके उनके विभाग से संबंधित योजनाएं जिन्हें डीएमएफटी के माध्यम से पूर्ण किया जाना है से संबंधित मांग प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी ली वही उपायुक्त ने मामलों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए/ एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में राजस्व कार्यालय एवं संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने एवं विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की समीक्षा करते हुए प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सर्वे कराकर सभी योग्य लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने फसल राहत व सुखाड़ राहत योजना के लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कार्य पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पेशल ड्राइव के तहत सीओ ने पांच विद्यालय का किया निरीक्षण

**बरही ।** स्पेशल ड्राइव के तहत हजारीबाग जिला में विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति का औचक निरीक्षण किया गया । इसी क्रम में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने प्रखंड के पांच विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित थे। सिर्फ दो शिक्षक अनुपस्थित थे, जो सीएल पर थे । सीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बुनियादी विद्यालय पंचमाधाव में कुल सात सहायक अध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवपुर में एक सहायक अध्यापक और दो शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में भी एक शिक्षक और चारा सहायक अध्यापक, प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर में छः शिक्षक और चार सहायक अध्यापक तथा राजकीय मध्य विद्यालय बरसोत में पांच शिक्षक और सात सहायक अध्यापक उपस्थिति थे।

# डिवाइन पब्लिक में मना विश्व एथलेटिक्स दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपांचो स्थिति डिवाइन पब्लिक स्कूल में विश्व एथलेटिक्स दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर खेल का शुभारंभ स्कूल निदेशक आई.पी. भारती एवं प्राचार्या स्वाति रंजन के द्वारा फीता काटकर किया गया। श्री भारती ने कहा कि खेल कुद हमारे लिए अति आवश्यक है क्योंकि यह हमें मजबूत,स्वस्थ और तनाव मुक्त बनाए रखता है।विद्यालय प्राचार्या ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वाश होता है।साथ ही बच्चों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। अतः बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु समय -समय पर खेल का आयोजन करते रहना चाहिए।वहीं बच्चों के बीच 50मी.एंव 100मी.दौड़ कराया गया।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया जिसमें अनिल कुमार उपाध्याय ,राणा तेजस्वी ,राजीव मोदी, संजय शाह, कुमार सौरभ रंजन ,संजय सिन्हा ,विशाल मिश्रा,दीक्षा कुमारी, मानती कुमारी ,अलीसबा , क्रांति ,सोनाली ,पूर्णिमा, रीता एवं राधा आदि उपस्थित थे।

# भागीदारी पार्टी का धरना समाप्त, ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भागीदारी पार्टी ने अनुमंडल कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति शामिल हुए । कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जमकर भड़ास निकाली । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल पंडित ने कहा कि सरकारी कार्य और नियमानुसार हो अन्यथा भागीदारी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी । सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेगी। अन्य वक्ताओं ने भी आरोप लगाया कि अंचल कार्यालय में दलालों के इशारे कर कर्मियों और अधिकारियो की मिली भगत गरीब और लाचार लोगों की जमाबंदी भी अवैध बताया जाता है । दाखिल खारिज, एलपीसी या अन्य कोई भी कार्य बिना रिश्वत के नही होते है । बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि प्रशासन यदि सजग और सचेत नहीं होती है और जनहित के काम को टालने का काम करती है तो उनकी पार्टी उसका पुरजोर विरोध करेगी । कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भीं सौंपा गया । ज्ञापन में अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के अलावा बरही चौक के पेयजल, शौचालय, ट्रैफिक, बाजार, जलमीनार, बस स्टेंड आदि से संबंधित दस सूत्री मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया । धरना प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव संजय पंडित, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अनीता देवी केसरी, चतरा जिला अध्यक्ष राजेश प्रजापति, रमेश पंडीत, अर्जुन प्रजापति, गौरा देवी, तारा देवी आदि शामिल थे ।

# अमृत फुटबॉल टूर्नामेंट की सफलता की दी जानकारी

### भाजपा ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सोमवार को थाना चौक स्थित होटल ट्रीट में अपराह्न 3 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर पंचायत स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए अमृत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पिछले वर्ष हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद जयंत सिन्हा द्वारा किया गया । जिसका फाइनल मुकाबला चरही पंचायत और हजारीबाग वार्ड नं 15 के बीच खेला गया। जिसमें चरही पंचायत ने फाइनल जीत कर एक लाख रुपए की इनाम राशि प्राप्त किया। वहीं, दूसरा स्थान प्राप्त कर हजारीबाग वार्ड नंबर 15 को 50 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रेस वार्ता में कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करने का यह छोटा सा प्रयास सांसद जयंत सिन्हा ने किया। बताया कि पंचायत स्तर पर इसी तरह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा । पंचायत स्तर पर खेल के प्रति यहां के युवक और युवतियां को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले स्पर्धा के लिए तैयार करने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करना है। कहा कि अयोध्या की तर्ज पर हजारीबाग के कटकमदाग में जमीन का चयन कर एक भव्य श्री राम मंदिर निर्माण कार्य की शुरूआत हो चुकी है। इसके लिए एक कार्यसमिति का निर्माण किया गया है और इसके लिए बैंक में खाता खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ताकि जनता के सहयोग से जल्द ही श्री राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा किया जा सके।

## स्वस्थ एवं सुंदर रामगढ़ के लिए मैं पहले भी प्रयासरत थी एवं आज भी हूं : ममता देवी



**रामगढ़।** रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की रामगढ़ आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा प्रतिमाह जारी किए जानेवाले डेल्टा रैंकिंग में हेल्थ एवं न्यूट्रिशन के क्षेत्र में पूरे देशभर में रामगढ़ जिले को पहला स्थान मिला। इसके पहले भी रामगढ़ सदर अस्पताल को अपने उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। कहा की यह झारखंड राज्य के लिए गर्व की बात है कि देश के सभी आकांक्षी जिलों में रामगढ़ जिला ने 77.4 स्कोर प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही रामगढ़ उपायुक्त एवं सिविल सर्जन को इसके लिए बधाई देती हूं ।? स्वस्थ एवं सुंदर रामगढ़ के लिए मैं पहले भी प्रयासरत थी एवं आज भी हूं ।

## लखना में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बरही ।** जिले में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं । इसी क्रम में सोमवार को दुलमहा पंचायत अंतर्गत लखना में मुखिया नारायण यादव और पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र गिरी की अगुवाई में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई । श्री गिरी ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान के तहत लखना वासियों ने गांव को भी स्वच्छ बनाने के लिए लोगो ने शपथ लिया है । इस अभियान के तहत लखना विद्यालय परिसर का सफाई कर बच्चो में स्वच्छता का संदेश दिया गया । इस कार्यक्रम में स्कूल सचिव मो जावेद, अध्यक्ष मो शमीम शाह, मो मिन्हाज, तबारक हुसैन, मो याकुब, मो समशुद्दीन, मो हसन रजा, मो कुदुस, मो सरफुद्दीन, मो मनौवर इत्यादि उपस्थित रहे ।

# रामगढ़ के तीन ब्लैक स्पॉट पर तैनात होगी ट्रैफिक पुलिस : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की हो रही मौतें एक गंभीर मुद्दा बन गया है। रामगढ़ जिला प्रशासन इन हादसों को रोकने के लिए लगातार प्रयास भी कर रहा है। लेकिन लोगों की लापरवाही से मौतें भी हो रही हैं। एसपी पीयूष पांडे ने इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। सोमवार को उन्होंने बताया कि रामगढ़ एक ऐसा शहर है, जहां 2 नेशनल हाईवे पास करता है। इन दोनों सड़कों पर हाई स्पीड की वजह से लोगों की जाने जा रही हैं। एसपी ने बताया कि चुटूपालू घाटी से लेकर मांडू तक तीन ब्लैक स्पॉट भी चिन्हित किए गए हैं। उन सभी स्थानों पर बैरियर लगाकर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा शहरों में भी गाड़ियों की स्पीड कम करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि कई बार यह देखने को मिला है कि अनियंत्रित गाड़ियां सीधे लोगों को कुचल देती हैं। इसके पीछे की वजह उनकी लापरवाही ही होती है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर को भी जागरूकता अभियान में शामिल किया जाएगा। उन लोगों को यह बताया जाएगा कि वे लंबी दूरी तय करते हैं तो उन्हें बीच में थोड़ा आराम भी करना चाहिए। कई बार उन्हें झपकी आती है और किसी परिवार की दुनिया बिखर जाती है। वे जब भी घनी आबादी क्षेत्र से गुजरे तो अपनी स्पीड को नियंत्रण में रखें। एसपी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को स्पीड कैमरा भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि शहर में हाई स्पीड से चलने वाली गाड़ियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## ब्राजील की लीना का संजय ने किया स्वागत




**बरही ।** सोमवार को आम आदमी पार्टी के युवा नेता संजय मेहता के आवास पर ब्राजील के लीना का आगमन हुआ। जिन्हे युवा नेता ने स्थानीय अंग वस्त्र देकर स्वागत किया । इस दौरान विदेशी मेहमान ने झारखंडी व्यंजन साग भात, चोखा का भी स्वाद लिया और स्थानीय सहित राज्य के कला, संस्कृति, परिवेश आदि की जानकारी ली । युवा नेता ने बताया कि यह विदेशी यात्री पूरी दुनिया का भ्रमण कर रही है। जो पिछले छह सालों में 59 देशों का भ्रमण किया है। फिलहाल वह भारत के दौरे पर है। जो भारत के विभिन्न राज्यों के कला, संस्कृति, जीवनशैली से रुबरु हो रही है। उन्होंने बताया कि उन्हे अंतराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से विदेशी मेहमान के बरही के रास्ते कोलकाता जाने की जानकारी हुई थी। फिर उन्होंने संपर्क साधा और अपने आवास पर आतिथ्य सत्कार किया।

## लूटपाट की घटनाओं से व्यवसायियों में डर का माहौल, प्रशासन सुरक्षा प्रदान करे: मानिक चंद जैन



**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर शहर में बढ़ रही लूटपाट की घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है की शहर में आए दिन लूटपाट, डकैती, चोरी, छिनतई की घटनाएं घट रही हैं। कहा की इन घटनाओं से व्यवसायी डरे सहमे हैं। श्री पाटनी ने कहा है की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से हमारा विनम्र आग्रह है की व्यवसयियों के सुरक्षा के उपाय किये जाएं। ताकि व्यवसायी निर्भिक होकर अपनी गतिविधि चला सकें।

**संभावना** — चार वर्ष से सीटीओ के इंतजार में है सिरका खुली खदान

# खदान में पड़े 58 हजार टन से भी अधिक कोयला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कोयलांचल का एक अभिन्न अंग है। यहां के खदान से निकलने वाले कोयले देश को एक नई ऊर्जा देते हैं। लेकिन झारखंड सरकार के उदासीन रवैया के कारण कई खदान सूने पड़े हुए हैं। ना तो वहां खनन हो रहा है और ना ही वहां के कर्मचारियों की सुध ली जा रही है। ऐसा ही खदान सीसीएल के अरगड्डा प्रक्षेत्र का सिरका खुली खदान कोलियरी परियोजना है। सिरका कोलियरी पिछले चार वर्षों से सीटीओ का इंतजार कर रही है। इस दस्तावेज के अभाव में वहां कोयले का खनन असंभव है। कोयला खदान के लोकल सेल सेआर्थिक लाभ नहीं मिलने से बाजारों की रौनक भी बेरंग पड़ने लगी हैं। सिरका अरगड्डा में 2015 साल के बाद दो भूमिगत खदान बंद होने का सिलसिला आरंभ हुआ था। कामगारों को अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरियों में ट्रांसफर कर दिया गया था। जबकि 2019 मार्च के बाद आज तक सिरका खुली खदान से कोयला उत्पादन की राह यहां के कामगार व आम जनमानस ताक रहे हैं। लगभग चार महीने पूर्व पर्यावरण विभाग (ईसी) के द्वारा कोलियरी सिरका के न्यू वर्कशॉप और सिरका खदान के आस-पास सुरक्षा व पर्यावरण संतुलन के लिए उठाए गए कदमों को लेकर अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। लेकिन अभी तक सीटीओ नहीं मिल पाया हैं।

### क्या कहते हैं यूनियन प्रतिनिधि

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा कहते हैं कि सीसीएल सिरका खदान की कोयले की गुणवत्ता काफी अच्छी हैं। बीते चार वर्षों से प्रबंधन के कागजातों के फाइलों में सिटीओ प्रमीशन फंस कर रह गई हैं। जिसके लिए सकारात्मक पहल करनी होगी। तब जाकर सिरका खदान के गर्भ में पड़े करीब 58 हजार टन से भी अधिक कोयला का उत्पादन किया जा सकता। इससे देश को ऊर्जा की गति में नया स्त्रोत मिल पाएगा।

# कैलाश राय सविमं में नव नामांकित भैया बहनों का नैपुण्य वर्ग का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में नामांकित भैया बहनों का नैपुण्य वर्ग आयोजित किया गया। इस वर्ग का शुभारंभ कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह के कर कमलों से दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में वर्ग की प्रासंगिकता पर बोलते हुए प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ग का उद्देश्य नव नामांकित भैया बहनों को अपनी रीति नीति से परिचित कराना है ताकि भैया बहन अपनी परंपराओं को समझें व आत्मसात करें। पहला सत्र वंदना पुस्तक का अभ्यास था जिसमें प्रातः स्मरण के श्लोकों का अर्थ बताया गया एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। दूसरा सत्र भैया बहनों में वाककला विकसित करने हेतु था इसमें भैया से आदर्श विद्यालय की परिकल्पना पर विचार लिए गए एवं बहनों को दैनिक जीवन में अपने आप को दुरुस्त रखने के गुर सिखाए गए। भोजन के पश्चात शारीरिक अभ्यास का कार्यक्रम हुआ शारीरिक प्रारंभिक बिंदुओं को बताया गया एवं अभ्यास कराया गया। समापन सत्र में भैया बहनों ने अपने अनुभव सांझा किए। इस अवसर पर राजनंदिनी ने कविता पाठ कर सबो का मन मोह लिया। समापन समारोह में उपस्थित अध्यक्ष नारायण सिंह ने भैया बहनों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हमारे भैया बहन किसी भी विद्या में किसी से पीछे ना रहे यही हमारी सोच है और इसी हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाते हैं ' शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अभिभावक आलोक पांडे आचार्य प्रदीप कुमार, रामानुज पांडे, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, विजय मिश्रा, विरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, धीरज कुमार पांडे, सुनील कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो पवन शर्मा, मुरलीधर कुमार, विजय कुमार तिवारी, विपिन कुमार डे, चंद्रशेखर कुमार, मुन्ना सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा शाहा, रिमझिम कुमारी, अर्चना सिन्हा, अनीता ठाकुर गीतांजलि शर्मा आदि उपस्थित थे।

# ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 2 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल



**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** नेशनल ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 3 छात्रों को मेडल मिला है। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि ब्लूम्स इंडियाज बिगेस्ट ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 2 छात्रों को गोल्ड और एक छात्र को सिल्वर मेडल मिला है। उन्होंने बताया कि साइंस ओलंपियाड में अंशराज को गोल्ड मेडल, राजवीर मोदी को सिल्वर मेडल और रिजनिंग ओलंपियाड में राजनंदनी को गोल्ड मेडल मिला है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, डिप्युटी डायरेक्टर विनोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों ने यह परीक्षा शिक्षक किशोर कुणाल की देखरेख में दी थी। दूसरी ओर छात्रों की सफलता पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनी बाला समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## झारखंड विस प्राक्कलन समिति की परिसदन में हुई बैठक

# योजनाओं को ससमय करें पूरा



**नवीन मेल संवाददाता**
**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति द्वारा सोमवार शाम परिषदन में बैठक कर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की। समिति के सभापति नीरज पुर्ती की अध्यक्षता में स्थल अद्यतन यात्रा के दौरान सिमडेगा पहुंची समिति ने परिसदन में बैठक कर जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आलोक में संबंधित विभाग के तहत पिछले 3 वर्षों के दौरान क्रियान्वित विविध योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति के सदस्य दशरथ गागराई एवं समीर कुमार महंती उपस्थित थे।उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एवं अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार के द्वारा झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।मौके पर योजनाओं के प्राक्कलन एवं खर्च का ब्यौरा, उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया । इस अवसर पर समिति के सभापति ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही मौके पर उपस्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल व पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग की समीक्षा के क्रम में समिति के सभापति द्वारा कार्यपालक अभियंता से क्रियान्वित कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कलस्टर एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अंतर्गत धरातल पर क्रियान्वित कार्यों की विस्तृत जानकारी लिया। उन्होंने केरसई प्रखंड अंतर्गत बसाईन जलापूर्ति योजना योजना को ससमय पूर्ण कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित पेयजल योजना से संबंधित सभी कार्यों का प्रोग्रेस प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बात कही।

# योजना चयन को लेकर बैठक, दिये गए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**
**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत योजना चयन को लेकर बैठक संपन्न हुआ। बैठक में नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत योजनाओं का चयन को लेकर चर्चा किया गया। उपायुक्त महोदय द्वारा दक्षिणी पंचायत में स्थित सांस्कृतिक भवन के दर में संशोधन करने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। वार्ड 10 में नये दुकान बनाने हेतु स्थल चयन को लेकर निर्देश दिये। साथ ही नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत सभी साफ-सफाई वाहनों में वीटीएस अधिष्ठापन करने की बात कही। नगर पंचायत वार्ड 09 में गिरीडीह रोड गौरी कॉम्प्लेक्स के समीप बाइक पार्किंग के बंदोबस्ती करने का निर्देश दिये। नगर पंचायत कार्यालय के चारदीवारी निर्माण करने का निर्देश दिया गया। सड़क निर्माण व नारी निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण के उपरांत योजना को चयन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक पदाधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार जैसल, सांसद प्रतिनिधि, नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता व अन्य मौजूद थे।

# द रामेश्वर वैली स्कूल में हेड बॉय, हेड गर्ल को मिला पदभार



**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया के रामेश्वर वैली स्कूल में सोमवार को स्कूल हेड बॉय, हेड गर्ल, स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन एवम स्कूल स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन के साथ चार हाउस के कैप्टन एवम वाइस कैप्टन के लिए चयनित विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया। मंच संचालन कर रही एकता मैडम ने डायरेक्टर प्रवीण कुमार एवम प्रिंसिपल रश्मि मैडम को मंच पर ससम्मान आमंत्रित किया एवम विद्यार्थियों को बैच व सैश पहना कर तथा सच्चाई व गोपनीयता के लिए शपथ दिलाई। प्राचार्या ने कहा कि बच्चों को जिम्मेदारी देने से बच्चो में सीखने और अच्छा करने की ललक जागती है। इसका फायदा उन्हें जीवन के हर मोड़ पर मिलता है। बच्चे ही देश का भविष्य हैं और आने वाले में देश की बागडोर इनके ही हाथो में होंगी जिसका अभ्यास वो विद्यालय के पद पर रहकर कर सकते है। हेड बॉय तेजस तिवारी, स्कूल स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन शालिनी चौहान बनी। विद्यालय में अध्ययन कर रहे सभी छात्रों को चार हाउस विक्ट्री, पीस , ग्लोरी एवम ज्वाय हाउस में बांटा गया। विक्ट्री की कैप्टन आकाशी आस्था, पीस के कैप्टन आदित्य कुमार , ग्लोरी की कैप्टन चांदनी एवम ज्वाय की कैप्टन मुस्कान शर्मा बनी। सभी बच्चो ने सभी नए बाल पदाधिकारियो का ताली बजा कर हौसला बढ़ाया। निदेशक प्रवीण कुमार ने सबको धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के हाउस सिस्टम से बच्चो को बारी बारी जिम्मेदारियों को निभाने का मौका मिलता है और इंटर हाउस कार्यकर्म से वो अपनी प्रतिभा को और निखार पाते है । अंत में निदेशक ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सफलता एवं निष्पक्ष रुप से कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# पूर्व मंत्री पहुंचे बरसलोया ग्रामीणों के संग की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**
**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया पंचायत स्थित बरसलोया नीचेटोली सामुदायिक भवन में ग्रामीणों के द्वारा बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का और विशिष्ट अतिथि के रूप में झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका भव्य तरीके से स्वागत किया। पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने लोगों से उनका हालचाल जाना तत्पश्चात कहा कि 15 वर्ष तक आपसे अलग होकर बंदी गृह में थे अब हम आ चुके हैं। सभी जो मुझे विश्वास और आशीर्वाद दिए सभी को बहुत बहुत धन्यवाद मुझे षड़यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाया गया था पर अब हम आ चुके हैं आपके हर समस्या का निदान करेंगे।मैंने जातिवाद राजनीति की परम्परा को तोड़ने का काम 2005 में ही किया था। राजनीति में ईमानदार,अच्छा और सच्चा नौकर को रखने से ही देश का भविष्य उज्जवल होगा धर्म को पार्टी से नहीं जोड़ना है वो सिर्फ और सर्फ भय पैदा करती है। झारखंड पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती हैलोग आत्मिक लाभ,मन की शांति, संतुष्टि और समृद्धि के लिए पूजा पाठ करते हैं।भगवान, ईश्वर, अल्लाह सभी एक हैं उन्हें पूजने के तरीके अलग हैं।मेरे जेल जाने के बाद यहां एक परंपरा सी हो गई कि अगर हिंदू है तो वह बीजेपी को समर्थन देगा वह ईसाई समुदाय से है तो वह कांग्रेसी है जमीन को समर्थन करेगा। मेरे साथ ऐसा नहीं था, सभी जाति और सभी धर्म के लोगों के द्वारा मुझे समर्थन मिलता था।

# कुरडेग के बड़की गांव में तीन दिवसीय श्रीराम कथा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**
**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के बडकी ग्राम में तीन दिवसीय श्री राम कथा का समापन हवन पूजन, भंडारा एवं धर्म सभा के साथ संपन्न हो गया। पिछले तीन दिनों से श्रीराम कथाकार बहनों के द्वारा अति मनभावन तरीके से सुन्दर सुन्दर भजनो एवं चौपाइयो से ग्राम वासियों को श्रीराम कथा का श्रवण कराया गया और ग्रामवासियो को भक्ति से सरोबार कर दिया, ग्राम के बच्चों द्वारा श्रीराम कथा पर सुन्दर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। आज पूणार्हुति एवं धर्म सभा में मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष माननीय श्री कौशल राज सिंहदेव उपस्थित हुए उन्होंने समस्त ग्रामवासियो को शुभकामनायें दी और सभा को सम्बोधित करते हुए कहा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर श्रीराम कथा के माध्यम से भक्ति का अलख जलाने और जागरूकता फैलाने के लिए कथाकार बहनों का योगदान निश्चित रूप से प्रसंशा के पात्र हैं इनके कार्यों से प्रेरणा लेकर सभी को अपने धर्म समाज, अपनी संस्कृति के यश को आगे बढ़ाने की जरुरत है। उन्होंने रामायण का उदाहरण ग्रामीणों के समक्ष रख कहा किस प्रकार प्रभु श्रीराम अपने जीवन को हमारे सामने आदर्श के रूप में प्रस्तुत किये जो हरेक परिस्थिति में भी धर्म के लिए अडिग रहे, अपने वचन के लिए अडिग रहे और समाज को संगठित किये। उनके आदर्श को अपनाते हुए बच्चों को संस्कार दें और भावी पीढ़ी को सशक्त बनायें।

# जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**
**पाकरटाड़।** प्रखंड अंतर्गत सरखु टोली में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक जेवियर बिलुंग की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन के अनूप लकड़ा,खुशीराम कुमार एवं आदिवासी उमेन्स नेटवर्क के रेजिना टोप्पो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा कि वनाधिकार कानून के उल्लंघन या इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने पर दंडात्मक कानूनी करवाई करने का अधिकार है।यदि अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को गलत तरीके से वनाधिकार से वंचित या बेदखल किया जाता है तो वह अनुसचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तहत एक अपराध है और अपराधी पर इस कानून के तहत कानूनी कार्यवाई होगी। खुशीराम कुमार ने कहा कि फॉरेस्ट राइट एक्ट 2006 आदिवासी जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी अधिनियम 2006, भारतीय संसद द्वारा पारित एक सशक्त केंद्रीय कानून है।जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।ये कानून हमारे लिए रक्षा कवच के रूप में है।इसलिए अपने सिमाना क्षेत्रों के वनों की प्रबंधन,संवर्धन और संरक्षण करने की जरूरत है। मौके पर रेजिना तोप्पो ने कहा कि हमें अपने अधिकारों को जानने की जरूरत है।बैठक में धनिजय वृत्या, पुरषोत्तम वृत्या, गंगा वृत्या, जोहन बारवा, नुएल कुल्लु, अनिवेर मिंज आदि उपस्थित थे।

# बेहतर कार्य पर मिला प्रमाण-पत्र




**कोडरमा।** आज सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में जिला में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को इस ई-संजीवनी का एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण टी.आर.आई. एफ. रांची के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि ई-संजीवनी भारत सरकार का टेलीमेडिसिन सेवा है, इस प्लेटफार्म के माध्यम से किसी भी भारतीय नागरिक को मुक्त स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाता है तथा इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटलीकरण की मदद से उन व्यक्तियों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करना है, जिनके लिए अस्पतालों तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसके साथ ही कोडरमा जिला में ई-संजीवनी सेवा में बेहतर कार्य करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उनके बेहतर कार्यों को देखते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ. नीरज कुमार साहा, डॉ. मनीष कुमार सिन्हा, डॉ सुनील कुमार, डॉ. सतनारायण भगत, डॉ एम.के. गुप्ता, डॉ. ए. के. रवि, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. रविकांत सिंह, सुमन मिंज, अरविंद कुमार, सुमित कुमार सिंह, दीपाराम, महिपाल सिंह, सुनीता कुमारी, सुभाष बेरवा, महेश बुनकर, कुमारी ममता वर्मा, मेरी पुष्पा कुल्लू, ज्योति कुमारी, सुमन कुमारी गुप्ता, दीपा भारती, कुंती कुमारी, जयंती टोप्पो, हाकिम सिंह इत्यादि ने भाग लिया।

## पर्यटन विभाग की होटल अपर्णा पैलेस को प्रशासन ने किया सील

**सिमडेगा।** जिला प्रशासन ने पर्यटन विभाग द्वारा संचालित गुलजार गली स्थित अपर्णा प्लेस होटल को सोमवार को सील कर दिया इस सम्बंध में प्रभारी पर्यटन पदाधिकारी मो शहजाद परवेज ने बताया गया कि होटल संचालक के द्वारा होटल संचालन के लिए किया गया एकरारनामा को पर्यटन निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था।एकरारनामा रद्द होने के बाद संचालक को होटल खाली करने का निर्देश दिया गया था। और इस एवज में कई बार कानूनी नोटिस के रूप में उन्हें भेजा गया था लेकिन इसके बावजूद खाली नहीं किए जाने के बाद पर्यटन प्रबंधन के द्वारा सिमडेगा उपायुक्त को पत्र भेजते हुए प्रशासन से कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद सिमडेगा उपायुक्त द्वारा पुलिस बल एवं प्रशासन की मौजूदगी में होटल अपना पैलेस को सील कर दिया गया।

**लोग परेशान** | अपनी लापरवाही का बोझ ग्रामीणों के कंधे पर डाल दी है बिजली विभाग : अजय एक्का

# अनियमित बिजली बिल के खिलाफ धरने पर बैठे लोग




**नवीन मेल संवाददाता**
**सिमडेगा।** अनियमित बिजली बिल के खिलाफ जिला परिषद सदस्यों की अगुवाई में सिमडेगा कचहरी के समीप ठेठईटांगर, बोलबा और केरसई जिला परिषद सदस्यों की अगुवाई में जिलेभर के सैकड़ों ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचकर सिमडेगा कचहरी के समीप धरने पर बैठे। कई ग्रामीण अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जिले में कई गांव ऐसे हैं जहां अभी तक बिजली का खंभा भी नहीं गड़ाया तथा बिजली का नामोनिशान नहीं है लेकिन हजारों रुपए का बिल पहुंच गया ऐसे में कई ग्रामीण परेशान हैं, कई गांव में एक व्यक्ति के नाम से दो या तीन बिल वो भी हजारों रुपए का ऐसे में ग्रामीण कैसे पारेशान न हों तथा ग्रामीणों के पास बिना मीटर रीडिंग किये बिना कहीं 15000 रु. तो कहीं 60000 रु. साथ ही कई लोगों के उपर प्राथमिक दर्ज. भी कराया है जिसके कारण ग्रामीणों में भय छाया हुआ है।बैठक में ठेठईटांगर पूर्वी जिप सदस्य कृष्णा बाड़ाईक ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि ये धरना बिभाग के लिए चेतावनी है सुधार नहीं हुई तो बिजली कार्यालय घेराव करेंगे।बैठक में बोलबा जिप सदस्य अनिता सोरेंग ने संबोधित करते हुए कहा कि बिजली विभाग ग्रामीणों को परेशान करना बंद करें अन्यथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।सभा को संबोधित करते हुए केरसई जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि मीटर रीडिंग किये बिना किसी हिसाब से बिजली बिल भेजी है विभाग जवाब दे। सभा को संबोधित करते हुए ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि बिजली विभाग अपनी लापरवाही का बोझ आम जनता के गले में टांग दी है। आज विभाग को पता भी नहीं है कि कौन उसका बिजली उपभोग कर रहे हैं और कौन नहीं इसलिए जहां बिजली नहीं पहुंची वहां बिल भेज दी इतनी बड़ी लापरवाही को सरकार भी कैसे बर्दाश्त कर रही है। विभागीय लापरवाही के कारण अनियमित अत्यधिक बिल को सरकार माफ करे तथा पंचायतवार सिवीर लगाकर बिजली मीटर में अविलंब सुधार लाए। धरने पर नोवेल सोरेंग, मनोज किड़ो, प्रदीप टोप्पो, दीपक लकड़ा, रोशन डुंगडुंग, बेरनादेत्त टोप्पो, जेफरीन केरकेट्टा, बेनेदिक्त लकड़ा, जोहन बारला स्तानिशलास मिंज सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# युवती के अपहरण मामले में कार्रवाई नहीं हुई, दूसरे दिन भी बंद रहा बाजार

**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज**
थाना क्षेत्र के चिरु ब्रहमोरिया के उमेश लोहरा की 20 वर्षीय पुत्री का अपहरण 1 मई को हो गया था। पिता उमेश लोहरा ने हेरहंज थाने में आवेदन देकर जाकिर मिंया, आजाद अंसारी, जुबरेंद् अंसारी, सद्दाम अंसारी, रियाज अंसारी, आलम अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाने के विरोध में स्थानीय लोगों ब्रहमोरिया बाजार को रविवार से अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया।

ग्रामीण जबरा उरांव ने बताया कि जबतक लड़की सकुशल वापस नहीं आती है तब तक बजार बंद रहेगा। वहीं लड़की के पिता उमेश लोहरा ने बताया अभी तक नामजद कोई अपहरणकर्ता को पुलिस गिरप्तार नहीं कर पाई है। थाना प्रभारी कैलाश मंडल ने बताया कि अपहरण का मामला दर्ज कर छापेमारी की जा रही है। घर में सभी लोग ताला बंद कर लापता हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




# कुएं में गिरे बच्चे को बचाने में चोटिल हुई बहादुर बच्ची

**नवीन मेल संवाददाता मयूरहंड(चतरा)**
मयूरहंड थाना क्षेत्र के हुसिया गांव में बीते देर शाम आंगन में खेलते खेलते तीन वर्षीय एक बच्चा चालीस फीट गहरे कुएं में जा गिरा। इसी दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसिया की 13 वर्षीय छात्रा काजल कुमारी ने बच्चे को गिरते देख खुद की जान की प्रवाह किए बिना कुएं में छलांग लगा दी और चोटिल हो गई। वहीं घायल बच्ची का इलाज उसके पिता सुरेश भुइयां ने गांव के झोला छाप डॉक्टर से करवाया। ऐसे में साहसी बच्ची की स्थिति नाजुक बनी हुई है। आर्थिक तंगी के कारण परिजन समुचित इलाज नहीं करवा पा रहे हैं।



**आर्थिक तंगी के कारण परिजन समुचित इलाज नहीं करवा पा रहे**

जानकारी अनुसार कूप में गिरा बालक शिवम कुमार छह माह से अपने ननिहाल में रह रहा है। एक घंटा के रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे बच्चा व बहादुर बच्ची को कूप से सुरक्षित निकाला।

# रेललाइन के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर कागजों की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
उपायुक्त के निर्देश पर भुअर्जन पदाधिकारी ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में रेलवे में गयी भूमि के रैयतों को मुआवजा एवं कागजात सत्यापन को लेकर शिविर का आयोजन किया। बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि टोरी शिवपुर रेल लाइन के लिए अधिग्रहित चेडरा, अमरवाडीह- फुलवसीया, बनवार, व मनातु, ग्राम के दर्जनों भू रैयतों की जमीन का रेलवे द्वारा अधिग्रहण किया गया है। इसको ध्यान में रखते हुए भू रैयतों का मुआवजा, कागजात का सत्यापन एवं समझौता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एक दर्जन से अधिक भू रैयत शामिल हुए, जहां उनके द्वारा दिये गये कागजात की जांच की गई। सभी भु रैयतों को मुआवजा लेने के लिए अपने-अपने भाइयों एवं परिवार वालों से समझौता कर शपथ पत्र एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में जमा करने को कहा गया ताकि समय पर अधिग्रहण भूमि का मुआवजा दिया जा सके।



इस मौके पर जिला भु अर्जन अमीन अजय विश्वकर्मा, अंचल निरीक्षक सुरेश राम,हल्का कर्मचारी लाल बिहारी उरांव, मो शोएब अख्तर, अमीत , अंचल अमीन संजय यादव, के अलावा भू रैयत सुरेश गंझु, प्रकाश गंझु, किशुन गंझु, महावीर गंझु, मो अय्युब सहित कई लोग मौजूद रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### चिप्स लदे हाइवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा थाना क्षे अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित उड़सू में स्थापित नये क्रशर से निकल रहे चिप्स लदे हाइवा ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तरुण यादव एवं राजकुमार दोपहिया वाहन से टंडवा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ। इंस्पेक्टर रंजीत रौशन ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### बीडीओ ने मनरेगा योजना की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश

**बालूमाथ।** प्रखंड सभागार में बीडीओ ललिता बखला ने प्रखंड मनरेगाकर्मी के साथ बैठक कर आवास और मनरेगा योजना की समीक्षा की। मनरेगा पीडी जेनरेशन बढ़ाने सहित लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का सभी रोजगार सेवकों को निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ आशीष केसरी, मुजफ्फर कमाल सहित कई रोजगार सेवक एवं पंचायत सेवक उपस्थित रहे।

### हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों पर पुलिस ने किया फाइन

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग ने सोमवार को थाना गेट के सामने पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस बारे में परिवहन विभाग कर्मी ने बताया कि मौके पर हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले चालक से 13000 का फाइन तथा दर्जनों बाइकों का ऑनलाइन चालान काटा गया।

### शिविर का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक में सोमवार को बिजली बिल की सूद माफी को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बिजली बिल बकायेदारों के द्वारा एक लाख छियासी हजार रुपये बकाए बिल की वसूली हुई।

## खरवार समाज के चिंतन शिविर में प्रखंड कमेटी का पुर्नगठन

# शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व नशा मुक्ति उत्थान के लिए आवश्यक

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
खरवार आदिवासी एकता संघ के केंद्रीय कमेटी एवं जिला कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड के छिपादोहर में कमेटी विस्तार सह चिंतन शिविर का आयोजन खरवार आदिवासी संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंच संचालन छिपादोहर पंचायत समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह एवं केंद्रीय सदस्य नरेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद सिंह खरवार केंद्रीय अध्यक्ष, लव कुमार सिंह गढ़वा जिला अध्यक्ष, केंद्रीय उपाध्यक्ष मंजू देवी, सिकंदर सिंह, केंद्रीय सचिव ओमप्रकाश सिंह, केंद्रीय उपसचिव अखिलेश सिंह व प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी शामिल थे।



चिंतन शिविर को संबोधित करते हुई उमेश्वर सिंह खरवार कहा कि आज के समय में समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं नशा मुक्ति अति आवश्यक है। जिस दिन इन सभी मुद्दों की समझ हो जाएगी उस दिन कभी कोई व्यक्ति गरीब नहीं रहेगा। चिंतन शिविर में उपस्थित कई लोगों ने खरवार के उत्थान व समाज में एकजुटता कायम रखने के लिए अपने-अपने विचार रखें। कहां कि समाज के पिछड़े हुए लोगों को आगे लाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। इससे पूर्व प्रखंड कमेटी द्वारा बाहर से आए हुए खरवार समाज के अतिथियों को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रखंड कमेटी का पुर्नगठन किया गया। इसमे देवनाथ सिंह प्रखंड अध्यक्ष (पूर्व मुखिया), उपाध्यक्ष विजय सिंह मुंडू, संगीता देवी बारी चट्टान, नंददेव सिंह पैरा, महेश सिंह हेहेगड़ा, अखिलेश सिंह केड़ गाड़ी को उपाध्यक्ष, बृजमोहन सिंह कुचिला को सचिव, उपसचिव जीरामणि देवी छिपादोहर उप सचिव, प्रवीण सिंह कोषाध्यक्ष, बरवाडीह संगठन मंत्री प्रदीप सिंह उकामाड़, मुंद्रिका सिंह हरातु संगठन मंत्री, मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह, साहिब सिंह को बनाया गया है, जबकि कार्यकारिणी में श्रवण सिंह, राजकुमार सिंह, सोनी देवी, बीटू सिंह, जितेंद्र सिंह, शिवमंगल सिंह, हरे बिगन सिंह, जसवंत सिंह, बसंत सिंह, शीला देवी, रंजन सिंह को रखा गया है। मौके पर प्रखंड की करीब सभी पंचायतों से काफी संख्या में बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## टंडवा में जनसेवकों की हड़ताल शुरू

**चतरा/टंडवा।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर टंडवा सहित जिले के सभी प्रखंडों में कार्यरत जनसेवक सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। टंडवा प्रखंड में कार्यरत चार जनसेवक भी अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हैं। जनसेवकों के हड़ताल में चले जाने से संचालित विभिन्न विकास योजनाएं प्रभावित होंगी। ज्ञात हो कि टंडवा प्रखंड में 17 पंचायतों में 4 पंचायत सेवक व 4 जनसेवकों पर 11 पंचायतों का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। जबकि आगामी माह धनगडा, गाडीलौंग व कसियाडीह पंचायत में कार्यभार संभालने वाले पंचायत सेवक थानु साव का रिटायरमेंट है। बीडीओ रंथु महतो ने हड़ताल पर कहा कि विभिन्न योजनाओं के सतत निगरानी व क्रियान्वयन में कठिनाई होगी।

## बरवाडीह में जनसेवकों की हड़ताल आज से

**बरवाडीह।** ग्रेड पे 2400 से कम करके 2000 करने के विरोध में राज्य सरकार के जनसेवक संघ के आह्वान पर प्रखंड के जनसेवक अपनी मांगों को लेकर 9 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इसमें प्रखंड के जनसेवक अरविंद कुमार रवि, देवलाल राम, सतेंद्र उरांव, राकेश रोशन कुजूर, सर्वेस सिंह और सुजाता कुमारी आदि शामिल हैं।

# मनिका में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड की सिंजो पंचायत के बांड़ी में सोमवार को एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम जितेंद्र सिंह, उम्र लगभग 30 वर्ष, पिता अमृत सिंह बताया गया है। पत्नी ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। फांसी लगाने से पहले मृतक व उसका परिवार किसी शादी में जाने वाले थे तभी मृतक ने अपने पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकाल कर खुद घर के अंदर चला गया। बहुत देर तक जब युवक दरवाजा नहीं खोला तो आसपास के लोग घर की छत से अंदर गए तो देखा कि मृतक घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ है।

मृतक जितेंद्र सिंह अपने घर में अकेले कमाने वाला व्यक्ति था उसकी मौत होने से उसके परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी व चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। मृतक युवक के परिवार वाले बहुत ही गरीब हैं। इस घटना के बाद पूरा परिवार प्रशासन की ओर से मदद की गुहार लगा रहा है। इस घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों के द्वारा मनिका थाना को दी गई। इसके तुरंत बाद मनिका थाना से एएसआई राम प्रताप सिंह समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।

### बरवाडीह में युवक ने अपने घर में फंदे से लटक कर दी जान

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के गम्हरिया में सोमवार की सुबह मंदीप साव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मंदीप साव (35) अपने घर में अकेला था। उसकी पत्नी एवं उसके घर के सभी सदस्य शादी समारोह में दूसरी जगह गए हुए थे। बताया जाता है कि मृतक की दीमागी हालत ठीक नहीं थी। इसी बीच सोमवार की सुबह 6 बजे के करीब युवक ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर मृतक के परिजन अपने घर पहुंच कर छिपाडोहर थाना प्रभारी को सूचना दी। इस पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार घटनास्थल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।

# हथियारबंद अपराधियों ने फिर की पर्यटकों से लूटपाट

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
लोहरदगा टोरी रेलवे लाइन पर बना 27 न पुल और इसके आसपास का इलाका इन दिनों लूट का सेफ जोन बन गया है। पर्यटन स्थल के रूप में काफी कम दिनों में ख्याति प्राप्त करने वाले इस स्थान को मानो किसी की नजर लग गयी है। प्रकृति की गोद में बसे इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं लिए इस क्षेत्र में कुदरत के नजारों के बीच कुछ समय सुकून से गुजारने के लिए पहुंचने वाले पर्यटक बीते कुछ दिनों से लूट का शिकार हो रहे हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल है।





रविवार 7 मई की दोपहर कुडू थाना क्षेत्र के 27 न पुल जाने के रास्ते में नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने एक बार फिर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। लुटेरों ने हजारों रुपये नगद, तीन मोबाइल फोन, गले की चेन, लॉकेट समेत अन्य सामग्रियों की लूट की है। करीब एक माह में दूसरी बार हुई लूट की वारदात से पर्यटकों में भय व्याप्त है। लूट पीड़ित लातेहार जिले के चंदवा थाना अंतर्गत आन गांव निवासी रिशु प्रसाद ने कुडू पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया कि वह रविवार 7 मई को दोपहर करीब 2 : 30 बजे अपने दो दोस्त प्रिंस कुमार और अभय कुमार के साथ 27 न पुल घूमने जा रहा था। महादेव मडा धाम से थोड़ी दूर आगे पहुंचा तो जंगल से निकले चार नकाब पोशों ने पिस्तौल दिखाकर बाइक को रोकने को कहा। जैसे ही उसने बाइक रोकी लुटेरे गाड़ी की ओर दौड़े और पिस्तौल के बल पर पर तीनों से मोबाइल, गले में पहनी हुई चेन, लॉकेट, पैसा और बाइक की चाभी लूट कर वापस जंगल में चले गये।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवतियों को मारी टक्कर, एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि इनमें से एक इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने निजी वाहन से घायल दोनों युवतियों को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि दोनों युवती को अंदरूनी गंभीर चोटें आईं। बताया जाता है कि टीटीसी की परीक्षा देकर चैनपुर थाना क्षेत्र के बिरसा नगर निवासी थोमस सोरेन की पुत्री एलिन सोरेन अपनी सहेली गुमला थाना क्षेत्र के कोयनारा टोंगरी टोली निवासी पत्रिक बिलू की पुत्री रितिका बिलू के घर लोहरदगा से गुमला गई थी। सोमवार सुबह दोनों सहेली बाइक से लोहरदगा इंटव्यू देने आ रही थी। उसी दौरान कंडरा चौक के समीप मोड़ में ट्रैक्टर चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते आ रहा था, जो बाइक को टक्कर मार फरार हो गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पहुंच कर क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि घायल युवती रितिका बिलु की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई।



## निर्देश | जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक में बोले डीसी

# लंबित मामलों का ससमय करें निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग /जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें व शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे।



उप विकास आयुक्त कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त से लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी का निर्देश दिया। खाद्य आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन की सूची बनाकर देने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मामला किस स्तर से लंबित है इसकी रिपोर्ट दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए। साथ ही लंबित पड़े मामले जिनका निष्पादन हो गया है उनको संचिका सूची से बाहर किया जाए।

बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी अजय कच्छप, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर मुखिया संघ की बैठक में कई निर्णय

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय में मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू की अध्यक्षता में संघ की आवश्यक बैठक सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसे लेकर हुई। इसमें मुखिया संघ के सदस्यों ने प्रखंड के प्रभारी बीईओ कानन पात्रा द्वारा शिक्षकों को गुमराह करने व मुखिया से अभद्र व्यवहार करने के साथ सही से पेश नहीं आने का आरोप लगाया गया। मुखिया संघ ने बताया कि बीईओ द्वारा सहायक शिक्षकों से दबाव देकर अपने मुद्दे पर हस्ताक्षर करवाए जाने से शिक्षक आहत हैं व शिक्षकों में भय व्याप्त है। वहीं सहायक शिक्षकों से विद्यालय निरक्षण के दौरान बीईओ के इशारे पर आर्थिक दोहन व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत सहायक शिक्षकों ने की थी। बीईओ की कार्यशैली की जांच कराने व शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की मांग संघ द्वारा उपायुक्त से की गई है।

# नक्सलियों को सरेंडर कराने में एसपी राकेश रंजन की रही विशेष भूमिका

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
हथियारों के जखीरे के साथ दस लाख के इनामी माओवादी जोनल कमांडर अमरजीत समेत पांच नक्सलियों को रांची आईजी कार्यालय में सरेंडर कराने में एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में एसडीपीओ अविनाश कुमार व एसआई सह राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस की पहल व पूर्व में जिले में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान का परिणाम है पांचों का सरेंडर करना। पूर्व में ही एसपी की स्पष्ट चेतावनी थी की नक्सली या तो हथियार के साथ आत्मसमर्पण करें अथवा पुलिस की गोली खाने को तैयार रहे।

सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने भी पुलिस के समक्ष कहा कि झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। सभी सरेंडर करने वाले नक्सलियों का प्रभाव चतरा जिले के अलावा पड़ोसी राज्य व जिलों में था। साथ ही सरेंडर करने वाले पांच में तीन चतरा व दो पड़ोसी गया जिले के रहने वाले हैं। 10 लाख के इनामी, भाकपा माओवदी का जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू (बिहार जिला गया, थाना बाराचट्टी), पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन (जिले चतरा, थाना राजपुर), सब जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम (बिहार जिला गया, थाना बाराचट्टी), सब जोनल कमांडर संतोष भुईयां उर्फ सुकन (जिला चतरा, थाना प्रतापपुर) व दस्ता सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया (जिला चतरा, थाना कुंदा) ने सरेंडर किया है।



नक्सलियों के सरेंडर में अहम भूमिका निभाने वाले एसपी चतरा।

ज्ञान की बात

**जिस तरह एक जलते हुए दीये से हजारों दीपक रोशन किए जा सकते हैं, फिर भी उस दीये की रोशनी कम नहीं होती, उसी तरह खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती है, कभी कम नहीं होती। – गौतम बुद्ध**



# आरोप में कितना है दम

***राष्ट्रीय*** कोलियरी कांग्रेस के अध्यक्ष सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने पिछले दिनों कहा कि उत्तरप्रदेश के माफिया डॉन अतीक अहमद की तर्ज पर झारखंड में भी योगेंद्र तिवारी और प्रेम प्रकाश जैसे लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने शराब के अवैध कारोबार के बाबत कहा कि जिसने भी शिकायत की, उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। राज्य में स्थिति ऐसी है कि निर्दोष फंस रहे हैं और दोषी बच रहे हैं। राज्य में दो सरकारें चल रही हैं। एक हेमंत सोरेन की सरकार और दूसरी कांग्रेस की सरकार। मुख्यमंत्री का भी सरकार पर नियंत्रण नहीं है। जो पावर मुख्यमंत्री का है, वह काम कांग्रेस के मंत्री करते हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सेना की जमीन को भी क्लीन चिट दे दी। डीसी ने दस्तावेज बदलकर सेना की जमीन की भी बिक्री करा दी लेकिन ईडी ने इस फजीवाड़े को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिलहाल एक कहावत प्रचलित हो रही है कि जो जमीन सरकारी है, वह हमारी है। सरकार के संरक्षण में सरकारी जमीन अधिकारी बेचवा रहे हैं। यही हाल कोयले के अवैध खनन का है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मिलकर कोयले का अवैध कारोबार कर रही है।

**राज्य में दो सरकारें चल रही हैं। एक हेमंत सोरेन की सरकार और दूसरी कांग्रेस की सरकार। मुख्यमंत्री का भी सरकार पर नियंत्रण नहीं है। जो पावर मुख्यमंत्री का है, वह काम कांग्रेस के मंत्री करते हैं।**

सच देखा जाये तो अगर ऐसी बात है तो यह खतरे की घंटी है। बहरहाल हाल के दिनों में कुछ बातें जो सामने आ रही हैं,वह कहीं से भी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। हम भ्रष्टाचार की बात करें तो देखा जाये तो जिन कंपनियों की मदद से छत्तीसगढ़ में हुआ 2000 करोड़ का शराब घोटाला हुआ, उन्हीं कंपनियों को मिला झारखंड में भी काम, दोनों राज्यों के सिंडीकेट का बॉस भी एक ही है। ऐसे में यह राज्य की बेहतरी के लिए अच्छी बात नहीं है। कारण छत्तीसगढ़ में ईडी ने शराब सिंडीकेट अनवर ढेबर की गिरफ्तारी के बाद दावा किया है कि यहां शराब कारोबार में आबकारी विभाग की मदद से करोड़ो का घोटाला हुआ है। इसमें कई सीनियर ब्यूरोक्रेट्स की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के सर्वेसर्वा विभाग के विशेष सचिव का नाम खुलकर सामने आ रहा है। वहीं रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर की गिरफ्तारी के बाद ईडी और भी कई तरह के खुलासे कर रहा हैं। अनवर ढेबर की गिरफ्तारी के बाद ईडी की तरफ से जो हलफनामा पीएमएलए कोर्ट में दायर किया गया है, वो झारखंड के लिए आने वाले दिनों में परेशानी का सबब बन सकती है। यह एक छोटा सा नमूना है। ऐसे कई कार्य बेधड़क यहां हो रहे हैं। इसमें सरयू राय की बातों में जरूर दम दिखता है। कारण समय-समय पर कांग्रेस और जेएमएम के बीच टकराव की नौबत दिखती है। दोनों के अपने-अपने विचार हैं। विचारों की प्रयोगशाला में देखा जाये तो यहां बालू,शराब के बड़े-बड़े नाम हैं। वह अतीक अहमद से भी भयावह हैं। बगैर उन पर अंकुश लगाये भ्रष्टाचार को कम करना मुश्किल है। अब सवाल उठता है कि क्या सरकार ऐसे पंगा हाथ में लेना चाहेगी?

# अर्थव्यवस्था की उड़ान में खेती का बड़ा योगदान





शशिकांत जायसवाल

***देश*** भर में उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्ष से विभिन्न क्षेत्रों में आये बदलाव की चर्चा हो रही है। खेती-किसानी के मामले में भी उत्तर प्रदेश दूसरे राज्यों की तुलना में कोसों आगे निकल चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन ने मल्टी सेक्टोरल क्षेत्रों को विकास की ओर डायवर्ट कर सस्टेनेबल और सर्वसमावेशी बनाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और उससे संबंधित सेक्टर को मजबूती मिली है। योगी सरकार का पहला बजट ही किसानों को समर्पित था। यहीं से उत्तर प्रदेश के कृषि अर्थव्यवस्था की ग्रोथ और किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विकास यात्रा प्रारंभ हुई। इसका परिणाम है कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की ग्रोथ रेट आज अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 26 फीसदी हुआ है। जबकि कृषि विकास दर स्थिर मूल्य पर वित्तीय वर्ष 2016-17 में 6.6 फीसदी की तुलना में 2022-23 में तीन गुना अधिक 18.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी तरह चालू मूल्य पर वित्तीय वर्ष 2014-15 में कृषि विकास दर -3.8 की तुलना में 2021-22 में बढ़कर 20.1 फीसदी हो गई है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश ने चरणबद्ध तरीके से कार्य किया है। किसानों की लागत कम करने के लिए सिंचाई सुविधाओं में इजाफे से लेकर कृषि बजटिंग, मल्टी क्रॉपिंग, टेक्नोलॉजी के प्रयोग सहित प्रोत्साहन आदि प्रयासों पर जोर दिया है। बाणसागर, अर्जुन सहायक और सरयू नहर सहित 20 सिंचाई परियोजनाएं पूरी हुई हैं। इससे 21.42 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता बढ़ी है और 45 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। 20 नये कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किये गये हैं। प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। ऐसे अनेक नवाचार हैं, जिनसे किसानों को काफी सुविधा मिली है। इन्हीं में से कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) भी है। योगी सरकार ने 2020 में उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादक संगठन नीति बनाई और 17 विभागों को एक प्लेटफॉर्म पर लाया, सभी के कार्य क्षेत्र तय किए गए। सरकार ने कारपोरेट की तर्ज पर एफपीओ और कृषि से जुड़े क्षेत्रों में हर तरह के कार्य की छूट दी। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में करीब 2250 एफपीओ रजिस्टर्ड हैं और दो-ढाई करोड़ से पांच छह करोड़ तक का टर्नओवर कर रहे हैं। कोरोनाकाल में सहजन, लेमन ग्रास, पामा रोजा की खेती की और बागपत के किसानों ने गन्ने के गढ़ में इसे पैदा कर एक नया मॉडल दिया है। गन्ना किसानों की बात करें, तो सरकार ने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कराया है और आज 119 चीनी मिलों में से 100 मिलें 10 दिनों के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। गन्ना उत्पादकता में 1,00,875 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि से किसानों की आय में औसतन 349 रुपये प्रति कुंतल की दर से 34,656 रुपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। गन्ने के साथ अंतर फसली खेती से किसानों को करीब 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आय हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि रमाला के साथ-साथ मुण्डेरवा एवं पिपराइच में नई चीनी मिल लगाकर उसका संचालन शुरू कराया। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 12 किस्तों में 51,639.68 करोड़ रुपये दिए हैं। इतनी बड़ी राशि छोटे राज्यों के सालाना बजट के बराबर है। इसके अलावा फसल बीमा योजना में पांच साल में किसानों की संख्या दोगुनी और क्षतिपूर्ति करीब तीन गुनी बढ़ी है। 2017-18 से लेकर अब तक

**1,00,875 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि से किसानों की आय में औसतन 349 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 34,656 रुपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। अंतर फसली खेती से किसानों को करीब 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आय हुई है।**

इन दिनों

48.21 लाख किसानों को 3957.38 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति दी गई है। वर्ष 2022-23 में अनन्तिम तौर पर 10.07 लाख किसानों को 597.68 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इससे साफ है कि एक तरफ सरकार ने किसानों को भुगतान कराया है और दूसरी तरफ फसलों के नुकसान पर क्षतिपूर्ति भी दिलाई है। किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होने और ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन होने से कस्बों में लिक्विडिटी भी बढ़ रही है, जिससे ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी बाजारों में एग्रीगेट डिमांड बढ़ रही है। यह व्यवसायियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित होने का एक बड़ा कारण भी है। ग्रामीण और कस्बाई जनता कृषि के साथ कुटीर उद्योग धंधे भी करती है। उत्तर प्रदेश में देश के कुल हस्त शिल्पियों की आबादी का 29 प्रतिशत हिस्सा है और निर्यात में 60 प्रतिशत भागीदारी है। सरकार ने 1.90 लाख हस्त शिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ रुपये का लोन उपलब्ध कराया है। 2017 में बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनने वाले, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री और हस्तशिल्पी आदि को केंद्र में रखकर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की शुरूआत की। इसके तहत करीब पौने दो लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है और निशुल्क टूल किट का वितरण किया गया है, ताकि वह अपना रोजगार आसानी से कर सकें। उत्तर प्रदेश सरकार के मेगा प्रोजेक्ट 'एक जनपद, एक उत्पाद कार्यक्रम' (ओडीओपी) ने परंपरागत उद्योगों में जान फूंक दी है। उत्तर प्रदेश में 45 जीआई उत्पाद दर्ज हैं। वाराणसी और पूर्वांचल के जीआई उत्पादों में 20 लाख लोग शामिल हैं और करीब 25,500 करोड़ का सालाना कारोबार कर रहे हैं। 11 उत्पादों को इस वर्ष जीआई टैग मिला है, जिसमें 7 ओडीओपी उत्पाद अलीगढ़ ताला, हाथरस हिंग, मुज्जफरनगर गुड़, नगीना वुड कार्विंग, बखीरा ब्रासवेयर, बांदा शजर पत्थर क्राफ्ट, प्रतापगढ़ का आंवला हैं। चार कृषि और उद्यान से संबंधित उत्पाद वाराणसी से हैं। अब बनारसी लंगड़ा जीआई टैग के साथ दुनिया के बाजार में दस्तक देना वाला है। इस प्रकार से हस्त कुटीर, ओडीओपी आदि के तेजी से आगे बढ़ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कई लाभ हुए हैं। पहला, कृषि अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार कम हुआ है। दूसरा, परंपरागत उद्योगों के बढ़ने से अतिरिक्त आय का सृजन हुआ और नए रोजगारों एवं स्वरोजगार के अवसर पैदा हुए। तीसरा, निर्यात में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। निर्यात से होने वाली आय ने जहां एक तरफ सामाजिक आर्थिक संरचना में नई गतिशीलता का संचार किया है। वहीं, प्रदेश की आय में वृद्धि कर जीएसडीपी की ग्रोथ को बूस्ट किया। ओडीओपी की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग का नतीजा यह हुआ है कि राज्य का निर्यात 88,967 करोड़ से बढ़कर 1.57 लाख करोड़ रुपये हो गया। ओडीओपी ई-कॉमर्स पोर्टल पर 20 हजार से अधिक उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। इससे स्थानीय स्तर पर उद्यमियों को लोकल से वोकल होने का भी अवसर मिला है। ऐसे ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने स्ट्रीट वेंडर्स का जीवन ही बदल दिया। उन्हें सूदखोरों से मुक्ति मिली और 10,33,132 स्ट्रीट वेंडर्स को 1190 करोड़ रुपये का रिकार्ड लोन दिया है। गांवों और कस्बों में कुटीर उद्योगों के प्रभावी ढंग से चलने से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को भी नई पहचान मिली है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों से खेती और उससे जुड़े उत्पाद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे रहे हैं।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

***कुछ*** और देवता भी है जो कपाल के अधिष्ठात्र देवता है जिनमें प्रथम है माता हिंगलाज ये 52 शक्तिपीठो में प्रथम है यहाँ पर माता सती का ब्रह्मरंध्र गिरा था। यानी की माता सती का कपाल और दूसरे है बाबा कपाल भैरव जिनकी उत्पत्ति साक्षात ब्रह्मदेव के ब्रह्मकपाल से हुई थी। इन्हीं बाबा कपाल भैरव की कथा अब मैं आपको बताने जा रहा हूँ। जैसा की मैंने काल भैरव के जन्म की कथा सुनते हुए ये बताया था की कपाल भैरव की कथा इनके अंत से संबंधित हैं। उसी के आगे से मैं बाबा कपाल भैरव की कथा शुरू कर रहा हूँ। जब बाबा काल भैरव को महादेव द्वारा काशी में स्थापित किया गया तो वो ये सोचने लगे की भगवान् ने मुझे दंड देने का कार्य दे तो दिया परन्तु मैं दंड दूंगा कैसे, क्योंकि मुझे कैसे पता चलेगा की कौनसा व्यक्ति सही है और कौनसा व्यक्ति गलत? तब उनकी नजर पड़ी ब्रह्मकपाल के ऊपर। उनके मन में ये विचार आया की ब्रह्मदेव के इस सिर के कारण मुझे मेरे पाप का दंड मिला तो क्यों न एक ऐसे गण की रचना की जाए जो व्यक्ति के अच्छे बुरे का निर्णय कर सके और उनके कर्मो के हिसाब से उसे दंड प्रदान कर सके। तब उन्होंने उस ब्रह्मकपाल का एक हिस्सा तोड़ा और अपनी योग शक्ति से उस कपाल में अपनी कुण्डलिनी ऊर्जा को जागृत करके उसे एक जीवंत रूप प्रदान किया। उस कपाल के अंश से जिस गण का प्राकट्य हुआ वो गण अत्यंत भयानक थे। साक्षात दूसरे काल भैरव के सामान ही प्रतीत हो रहे थे उनके हाथो में जो त्रिशूल था उसमें से विद्युत निकल रही थी, हड्डियों के टकराने का सा उनका अट्टहास था। उनके मस्तक पर तीसरा नेत्र विद्यमान था। परमेश्वर शिव के सामान ही वो सपार्भूषण धारण किए हुए थे। उनके एक हाथ में कपाल था और दूसरे हाथ में त्रिशूल। भगवान् काल भैरव ने उन्हें देखते ही प्रसन्नता से उन्हें अपने ह्रदय से लगा लिया और उनसे कहा की तुम ब्रह्मदेव के खंडित कपाल से प्रकट हुए हो और तुम्हारे अंदर मेरे कपाल की ही उजाएं हैं। ***(क्रमशः)***

# अमेरिका के अर्थकोण में फंसी दुनिया



प्रहलाद सबनानी

***पिछले*** सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। मार्च 2022 के बाद से यूएस फेड दर में यह लगातार 10वीं बार वृद्धि की गई है एवं वर्ष 2007 के बाद से यूएस फेड दर अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, अमेरिका में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यूएस फेड दर में वृद्धि की जा रही है परंतु अब उच्च ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव अमेरिकी अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंक, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुके हैं एवं तीसरा बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गया था। उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रहे अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है। असफल हो जाने की स्थिति तक पहुंचे उक्त पांच बैंकों के अतिरिक्त छोटे आकर के अन्य कई बैंकों पर अभी भी तरलता का दबाव है और यह समस्त बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं। दरअसल, अमेरिका में बैंकों द्वारा अपनी जमाराशि का एक बड़ा हिस्सा यूएस ट्रेजरी द्वारा जारी बांड्स में निवेश किया गया है। अमेरिका में निर्मित हुई इस स्थिति के लिए पूर्ण रूप से फेडरल रिजर्व को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। साथ ही, अमेरिका ने स्वयं भी भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है और अमेरिकी सरकार को स्वयं भी बढ़ते ब्याज दर का दंश झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी वित्त सचिव ने चेतावनी भरे अन्दाज में कहा है कि यदि अमेरिकी सरकार द्वारा अपने कर्ज लेने की सीमा में वृद्धि नहीं की गई तो 01 जून 2023 के बाद अमेरिका अपने ऋण के भुगतान में चूक कर सकता है। दूसरे, चूंकि अमेरिका में ब्याज दरों को लगातार बढ़ाया जा रहा है और निवेशकों द्वारा अन्य देशों से अमेरिकी डॉलर निकालकर अमेरिका में निवेश किया जा रहा हैं, अतः अन्य देशों की मुद्रा पर दबाव बढ़ता जा रहा है और इन देशों की मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है। इस अवमूल्यन से इन देशों द्वारा आयात किये जाने वाले उत्पाद महंगे हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए अन्य कई देशों द्वारा भी ब्याज दरों में वृद्धि की जा रही है और अपने देश के बैंकों को खतरे में डाला जा रहा हैं। पूर्व में, भारतीय रिजर्व बैंक भी, अमेरिका द्वारा लगातार की जा रही ब्याज दरों में वृद्धि को देखते हुए, रेपो दर में वृद्धि करने का निर्णय ले रहा था। परंतु, अप्रैल 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। रिजर्व बैंक के इस निर्णय को साहसिक कदम बताया गया। ब्याज दरों में अब और वृद्धि भारतीय बैंकिंग उद्योग एवं उद्योग जगत को निश्चित रूप से विपरीत रूप से प्रभावित करने लगेगी क्योंकि एक तो भारत में मुद्रा स्फीति तुलनात्मक रूप से नियंत्रण में आ चुकी है और दूसरे, भारत तेज आर्थिक विकास के चक्र में शामिल हो चुका है। अप्रैल 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण का उच्चत्तम स्तर पर आना, बढ़ती हवाई यात्रियों की संख्या का उच्चत्तम स्तर पर आना, टोल संग्रहण में उछाल आना, अप्रैल 2023 माह में सेवा क्षेत्र के पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) का 13 वर्ष के उच्चत्तम स्तर 62 पर पहुंचना, जो मार्च 2023 माह में 57.8 पर था, विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई का चार माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंचना, आदि ऐसे सूचक हैं जिनसे सिद्ध होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गई है।

**पेसिफिक वेस्टर्न बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रहे अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थायी हल नहीं कहा जा सकता।**

ऋतुपर्ण दवे

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# लिथियम की नीलामी का खाका तैयार



योगेश कुमार सोनी

***केंद्र*** ने इसी साल फरवरी में खुलासा किया था कि देश में पहली बार जम्मू-कश्मीर में 59 लाख टन लिथियम का भंडार मिला है। इस लिथियम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय मुद्रा के रूप में करीब 3,000 अरब रुपये आंकी गई है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन इस साल दिसंबर की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में पाये जाने वाले लिथियम भंडार की नीलामी शुरू करेगा। लिथियम क्या होता है, यह भी जानकारी होनी जरूरी है। लिथियम एक तरह का रेअर एलिमेंट है। इसका इस्तेमाल मोबाइल फोन, लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत दूसरे चार्जेबल बैटरियों को बनाने में किया जाता है। लिथियम एक नरम और चांदी जैसी की तरह दिखने वाली सफेद धातु है। इसका इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरी के लिए सबसे ज्यादा किया जाता है और यह धरती के अंदर नमकीन जलाशयों और सख्त चट्टानों से निकाला जाता है। यदि दुनियाभर में लिथियम भंडार की स्थिति को देखें तो इस मामले में चिली 93 लाख टन के साथ पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 63 लाख टन के साथ दूसरे नंबर पर है और अब कश्मीर में 59 लाख टन भंडार मिलने से हमारा देश तीसरे नंबर पर आ गया है। अब मन में सवाल यह है कि क्या हम इसके प्रयोग से अपने देश को अहम देशों में कैसे दर्ज करवा सकते हैं। चूंकि इसे एक ऐसे खजाने के रूप में देखा जा रहा है जिससे हम अपनी तकदीर व तस्वीर बदल सकते हैं। वैसे भी आज हम इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आगे बढ़ रहे है और चीन ने अब तक दुनिया के कई देशों में इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। इसका खरीदार भारत भी है। हालांकि बीते लगभग तीन वर्षों में हमारे देश की तमाम कंपनियां अपने इलेक्ट्रिक वाहन बना रही हैं। इनमें टाटा मोटर्स, महिन्द्रा, हीरो मोटो कॉर्प व अशोक लीलेंड के अलावा तमाम बड़ी कंपनियां हैं। अभी भी यह सारी कंपनियां लिथियम-आयन बैटरी बनाने के लिए लिथियम की अपनी जरूरत के हिसाब से आयात करती हैं। 2020-21 में भारत ने 8,811 करोड़ रुपये मूल्य के लिथियम-आयन का आयात किया था। सरकार के डेटा के मुताबिक, इसका 95 फीसदी हिस्सा हांगकांग और चीन से आया था। इसके लिए बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। यह बताने का अर्थ यह हुआ कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों के बड़े बाजार तो बनते जा रहे हैं लेकिन लिथियम को लेकर हमारी निर्भरता बाहरी देशों पर थी, लेकिन जिस तरह इतनी बड़ी मात्रा में हमें लिथियम मिला है, उससे भारत का बेहतर भविष्य हो सकता है। चूंकि हम बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते प्रदूषण की वजह से एक गलत दिशा में जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है। लेकिन जितनी रफ्तार से सरकार ने इसको लेकर हुंकार भरी थी हम उतनी तेजी से इस पर विजय प्राप्त नही कर पाये। चूंकि इलेक्ट्रिक वाहन अन्य वाहनों की अपेक्षा महंगे हैं। और यदि इसमें भी कारों की बात करें तो वह अत्यधिक महंगी है। उदाहरण के तौर पर अगर पेट्रोल या डीजल कार 12 से 15 लाख रुपये में मिलती है तो इलेक्ट्रिक कार में लगभग पांच से सात लाख रुपया और खर्च करना पड़ता है।

**लिथियम एक नरम व चांदी की तरह दिखने वाली सफेद धातु है। इसका इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरी के लिए किया जाता है। यह धरती के अंदर नमकीन जलाशयों से निकाला जाता है।**

राजनीति

इसका मुख्य कारण इसकी बैटरी को माना जाता है। इसके अलावा मोबाइल फोन के संदर्भ में बात करें तो चाइनीज फोन आज भी सस्ते हैं। इसका सबसे कारण चीन के पास सबसे अधिक लिथियम और सस्ते श्रमिक हैं। फिलहाल चीन में एक टन लिथियम की कीमत करीब 51,19,375 रुपये है। चीन से मोबाइल फोन का आयात 2020-21 में 1.4 अरब डॉलर था लेकिन कोरोना के बाद से कुछ प्रतिशत कम हुआ है। बावजूद इसके आज भी सस्ते मोबाइल चीन से आयात किये जाते हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है सरसों का तेल



आपने अपने घर के बुजुर्गों को अपनी त्वचा पर बरसों से सरसों का तेल लगाते देखा होगा। हालांकि आजकल पूरी तरह से शुद्ध सरसों का तेल तो मिलता नहीं है लेकिन फिर भी जो सरसों का तेल बाजार में मिल रहा है वह पूरी तरह से सरसों का ही है। सरसों का तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। त्वचा के साथ-साथ यह बालों के लिए भी गुणकारी है। आज के युवा बाजार में मौजूद विभिन्न प्रकार के उत्पादनों का प्रयोग करते हैं और सरसों के तेल का नाम सुनते ही उनके मुँह का जायका बिगड़ जाता है। हमारे समय में जो सरसों का तेल बाजार में आता है उसे चेहरे पर लगाते ही जलन का अहसास होता है। आजकल इस जलन का अहसास न हो इसके लिए इसमें कुछ रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है। सरसों का तेल त्वचा के लिए लाभकारी है। सरसों के तेल में बहुत सारे विटामिन और ओमेगा-3 होता है, जो त्वचा को लाभ प्रदान करते हैं। इस तेल को अपने शरीर पर लगाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आप अपने बुढ़ापे को बचा सकते हैं। लगातार सरसों के तेल का उपयोग त्वचा पर करने से झुर्रियों का आगमन देर से होता है।

## त्वचा में लाए निखार

प्रतिदिन रात को सोते वक्त अपने चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों जैसे पैर, टांगे, हाथ व बांहों पर सरसों का तेल लगाने से शरीर व चेहरे की रंगत में सुधार आता है। यह टैनिंग, पिगमेंटेशन, चेहरे पर निशान और दाग-धब्बों को दूर करने में सहायता करता है। उम्र के अनुसार शरीर पर पड़ने वाली झुर्रियों को कम करता है। सरसों का तेल रात को सोने से पहले लगाने से साफ और दमकती त्वचा प्राप्त होती है।

## करता है प्राकृतिक सनस्क्रीन का काम

वर्तमान में युवा इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं जिनमें एसपीएफ 20 से अधिक होता है। वास्तविकता यह है कि सरसों के तेल से ज्यादा फायदे कोई सनस्क्रीन नहीं है। सरसों के तेल में उच्च लेवल का विटामिन ई होता है, जो प्राकृतिक सनस्क्रीन की तरह काम करता है। यह सूरज की हानिकारक किरणों से हमारी त्वचा को बचाता है और समय से पहले झुर्रियों को आने से भी रोकता है।

## मुंहासे रहते हैं दूर

किशोरावस्था में आते ही लडके/लड़कियों के चेहरे पर मुंहासे दिखाई देने लगते हैं। इन मुंहासों से चेहरे की सुन्दरता खत्म हो जाती है और इससे छुटकारा पाने के लिए युवा कई प्रकार के जतन करते हैं। मुंहासों से छुटकारा पाने का सबसे आसान तरीका सरसों के तेल का है। सरसों के तेल और नारियल के तेल को बराबर की मात्रा में एक साथ मिला लें। फिर इस तेल से चेहरे की पांच मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। इसके एक घंटे बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। लगातार कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपके चेहरे से मुंहासों का नामो-निशान व उसके दाग छूट जाएंगे।

## रिंकल्स से मिलेगा छुटकारा

रिंकल्स केवल चेहरे पर ही नहीं होते, बल्कि हाथ-पैर में भी हो जाते हैं। इनको दूर करने के लिए, आप रोज रात में सोने से पहले, चेहरे और हाथ-पैरों में सरसों के तेल की मालिश करें। तेल को हल्का गुनगुना कर लेंगे तो और भी अच्छा होगा। जब तेल स्किन में एब्जॉर्ब हो जाये, तो गीले तौलिये से साफ कर लें।

## त्वचा को करता है मॉश्चराइज

सरसों का तेल सूखी त्वचा को अच्छी तरह से मॉश्चराइज करता है। इसके लिए हथेली पर कुछ बूंदें सरसों के तेल की लें, साथ में कुछ बूंदें पानी की मिलाएं। तेल पानी के इस मिक्सचर से पांच मिनट तक चेहरे की मसाज करें। इसके बाद चेहरा धो लें।

## सूखे व रूखे होठों को बनाता है मुलायम

वर्तमान में युवा अपने होंठों को मुलायम बनाने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करते हैं। लिप बाम से होंठ कुछ समय के लिए ही मुलायम होते हैं। यदि आप स्थायी तौर पर अपने होंठों को मुलायम पाना चाहते हैं तो आप सरसों के तेल का इस्तेमाल करें। सरसों का तेल प्राकृतिक नेचुरल मॉश्चराइजर है। जो होठों की नमी को बरकार रखते हुए उन्हें मुलायम बनाए रखता है।

## मृत त्वचा को करें साफ

एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर सरसों के तेल फ्री-रेडिकल्स से लड़ने और त्वचा की मृत कोशिकाओं को साफ करने में मदद करता है। यह त्वचा के लिए एक प्राकृतिक रूप में काम करता है और त्वचा की गहराई से सफाई करता है। यदि आप भी सरसों के तेल के इस्तेमाल से स्किन से जुड़ी हर परेशानी को दूर करना चाहते हैं तो इसका रोजाना या फिर सप्ताह में 2 से 3 बार इस्तेमाल जरूर करें। इसे इस्तेमाल करने की विधि बेहद आसान है। एक कॉटन बॉल लें और उसे शुद्ध सरसों के तेल में भिगोकर दाग-धब्बे, मुंहासे या धूप से जल चुकी स्किन पर लगाएं। आप चाहें तो तेल को नारियल के तेल या बेसन में मिलाकर भी लगा सकती हैं।

# अब टेरिटोरियल आर्मी की महिला अधिकारियों की एलओसी पर होगी तैनाती




– ब्यूरो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्षेत्रीय सेना (टेरिटोरियल आर्मी) की महिला अधिकारियों को पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर प्रादेशिक सेना के इंजीनियर रेजिमेंटों के साथ, संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार नई दिल्ली में क्षेत्रीय सेना के समूह मुख्यालय और महानिदेशालय में स्टाफ अधिकारियों के रूप में तैनाती को मंजूरी दे दी। इस प्रगतिशील नीतिगत उपाय का उद्देश्य महिला अधिकारियों के रोजगार के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी पेशेवर आकांक्षाओं को पूरा करना है। वे अब इकाइयों और नियुक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला में अपने पुरुष समकक्षों के समान परिस्थितियों में सेवा और प्रशिक्षण देंगे। प्रादेशिक सेना ने 2019 में पारिस्थितिकी कार्य बल इकाइयों, टीए तेल क्षेत्र की इकाइयों और टीए रेलवे इंजीनियर रेजिमेंट में महिला अधिकारियों को कमीशन देना शुरू किया। इस दौरान मिले अनुभव के आधार पर टीए में महिला अधिकारियों के लिए रोजगार का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्रादेशिक सेना एक नागरिक सैनिकों की सेना की अवधारणा पर आधारित है। इसके अधिकारी नागरिक जीवन में लाभप्रद रूप से नियोजित रहते हुए बुनियादी सैन्य कौशल पर वार्षिक प्रशिक्षण से गुजरते हैं।

# किस तरह के फेस पर अच्छी लगेंगी ये इयररिंग्स

हर किसी की चाहत अच्छा दिखने की होती है। लड़कियां अक्सर परफेक्ट लुक पाने के लिए ट्रेंडिंग आउटफिट्स, मेकअप और एक्सेसरीज पहनती हैं। लेकिन आप सिर्फ इयररिंग्स कैरी करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। हर किसी की चाहत अच्छा दिखना होती है। लोग स्टाइलिश लगने के लिए कई ट्रेंडिंग आउटफिट खरीदते हैं। अगर बात करें लड़कियों की तो वह आउटफिट के साथ कई ऐसी चीजें होती हैं, जिनका उपयोग लड़कियां खूबसूरती बढ़ाने के लिए करती हैं। लड़कियां मेकअप के अलावा आउटफिट के हिसाब से एक्सेसरीज पहनने की भी शौकीन होती हैं। एक्सेसरीज ही आपके लुक को परफेक्ट बनाती हैं। वहीं अगर बात सिर्फ इयररिंग्स की हो तो फेस के शेप के हिसाब से इयररिंग्स कैरी करना चाहिए। वहीं



अगर आप गलत इयररिंग्स का चुनाव करती हैं, तो आपका अच्छा-खासा लुक भी बिगड़ सकता है। एथनिक वियर के साथ कई अलग तरह की इयररिंग्स पहनी जाती हैं। अगर आप अपने चेहरे के हिसाब से इयररिंग्स नहीं पहनती हैं, तो यह देखने में भी खराब या अजीब लग सकता है।

**डायमंड आकार का फेस :** अगर आपका फेस डायमंड शेप के आकार का है, तो आप पर लंबे लटकने वाले इयररिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि क्योंकि चीकबोन की तुलना में इन लोगों का माथा कम चौड़ा होता है। इसलिए डायमंड आकार के फेस पर लंबे इयररिंग ही बेस्ट दिखेंगे।

**हार्ट शेप फेस के लिए :** हार्ट शेप आकार के फेस पर चौड़े बॉटम और टॉप पर संकरे, शैलेंडियर या लॉन्ग टीयरड्रॉप ईयररिंग्स काफी फबेंगे। क्योंकि इन लोगों की जॉ-लाइन बहुत अच्छी होती है।

**लंबे फेस के लिए :** अगर आपका फेस लंबा है, ऐसे में आप इसको भरा लुक देना चाहती हैं तो इस दौरान आप लंबे हूप्स, स्टड, क्लस्टर्ड ईयररिंग्स और स्टोन लगे हुए छोटे डैंगल ईयररिंग कैरी कर सकती हैं।

**गोल फेस वालों के लिए :** गोल फेस वाली लड़कियों पर लंबे लंबे इयररिंग्स अच्छे लगेंगे। यह आपके लुक को परफेक्ट बनाने का काम करेंगे।

**अंडाकार फेस के लिए :** अंडाकार फेस वाली लड़कियों पर स्डट, ईयरड्रॉप और हल्के ट्राईएंगुलर शेप के इयरिंग्स काफी अच्छे लगेंगे। क्योंकि अंडाकार फेस वालों का माथा और जॉ-लाइन लगभग एक समान होता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# गर्मियों में स्किन की देखभाल के लिए इस तरह बनाएं टोनर



गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। स्किन की देखभाल का सबसे पहला नियम होता है कि आप अपनी स्किन और मौसम को ध्यान में रखते हुए स्किन केयर प्रोडक्ट्स का चयन करें। यूं तो मार्केट कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स से अटा पड़ा है, लेकिन अगर स्किन की देखभाल के लिए घर पर ही इन प्रोडक्ट्स को तैयार किया जाए तो इसे सबसे अच्छा माना जाता है। यह ना केवल पॉकेट फ्रेंडली होता है, बल्कि नेचुरल होने के कारण इनसे स्किन को किसी तरह का नुकसान भी नहीं होता है। चूंकि अब गर्मियों का मौसम हैं तो ऐसे में आप स्किन की केयर के लिए घर पर ही टोनर बना सकते हैं। आप कई अलग-अलग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करते हुए इसे बनाएं।

**ग्रीन टी टोनर :** यह स्किन टोनर एजिंग स्किन के लिए काफी अच्छा है। एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होने के कारण ग्रीन टी फ्री रेडिकल्स को बेअसर कर सकती है और स्किन को यंगर बनाती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कप ग्रीन टी तैयार करें। अब आप इसे ठंडा होने दें। फिर इसमें टी ट्री एसेंशियल ऑयल की पांच से छह बूंदें डालकर मिक्स करें। अब आप इसे एक स्प्रे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

**खीरे से बनाएं टोनर :** गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को अतिरिक्त ठंडक और ताजगी की आवश्यकता होती है और ऐसे में खीरे का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। खीरे से टोनर बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को ब्लेंडर में ब्लेंड कर लें। अब आप ब्लेंड किए हुए खीरे को एक साफ कपड़े से छान लें। खीरे के रस में रुई या रुई डुबोएं और इसे अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। 10 से 15 मिनट के बाद साफ पानी से चेहरा धो लें।

**एलोवेरा जेल से बनाएं टोनर :** गर्मी के मौसम में एलोवेरा जेल से बेहतर दूसरा कोई स्किन केयर इंग्रीडिएंट नहीं हो सकता है। यह ना केवल आपकी स्किन को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसकी हीलिंग प्रॉपर्टीज भी आपकी स्किन को बेदाग बनाने में मदद करती है। एलोवेरा जेल से टोनर बनाने के लिए एक बाउल में आधा कप एलोवेरा जेल और आधा कप रोज वाटर डालकर मिक्स करें। जब यह अच्छी तरह ब्लेंड हो जाए तो आप इसे बोतल में डालें और फ्रिज में स्टोर करें।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6694

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6693 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

09 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.47 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 07.46 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | कर्क | 09.59 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.15 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 14.27 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | तुला | 16.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.52 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 21.08 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 23.14 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 01.00 बजे से |
| | | मीन | 02.33 बजे से |
| | | मेष | 04.03 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 129 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 16.09 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 17.45 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 21.16 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 16.09 बजे तदनन्तर कौलव 03.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 14'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871608
**जूलियन दिन** 2460073.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7756




**बाएँ से दाएँ**

1.दैत्य,असुर-3
3.रुकावट,बाधा-4
6.सम्मान-2
7.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
8.मूल,कंद-2
9.सलाह,मशवरा-2
10.मोटा आटा-2
12.सलाह देने वाला-5
14.जलाना-3
17.माला का मोती-3
19.उग्रवाद,हिंसा वाद-5
22.शराब,मदिरा-2
24.दुख,कष्ट-2
25.चेतना,ध्यान-2
27.सालन,रसा-3
28.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
29.राजकुमार (उर्दू-4)
30.अस्तित्व,प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1.खैरात,दक्षिणा-2
2.गोलाकार-5
3.नश्वर,जो कभी न मरे-3
4.प्रतिदिन-2
5.हृदय स्पंदन-4
6.विचार-3
9.मार्ग,रास्ता-2
11.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13.बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15.सीरा,एक मिष्ठान्न-3
16.पतंग के पेच लड़ाना-5
17.बेसुध,अलमस्त-4
18.कार्य-2
20.जरा,थोड़ा-2
21.दरवाजा खटखटाना-3
23.इन्होंने कृष्ण को पाला था,कृष्ण की दूसरी मां-3
26.उकसावा,बढ़ावा-2
28.मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

### शब्द पहेली -7755 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्य सफल होंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी बाधाएं आ सकती हैं, जिससे मन में अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। आकस्मिक धनलाभ की भी संभावना बन रही है।

**कन्या राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में बाधाएं आ सकती हैं और कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखना होगा।

**तुला राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में विशेष लाभ मिलने के योग रहेंगे। काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय विस्तार की योजनाएं बनाएंगे, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मन में व्यग्रता रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। नराकात्मक विचारों से दूर रहें, अन्यथा बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, जिससे मन व्यग्र रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थान परिवर्तन के साथ आय वृद्धि के योग बनेंगे।

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। गृह-नक्षत्रों के योग आपके अनुकूल रहेंगे और आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी।

# राजस्थान हारा, पर छाए सैमसन, सचिन को छोड़ा पीछे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 52वें मैच में राजस्थान को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान की बैटिंग तो शानदार रही, लेकिन खराब गेंदबाजी और खराब फील्डिंग के चलते वह मैच जीतने से चूक गए। राजस्थान भले ही यह मैच हार गया हो, लेकिन उनके कप्तान संजू सैमसन अहम पारी खेल छा गए और एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की।



## सचिन को छोड़ा पीछे

दरअसल, संजू ने 38 गेंदों में नाबाद 66 रन बनाए, जिसमें 4 चौके व 5 छक्के शामिल रहे। इसी के साथ उन्होंने अपने चौकों की संख्या 300 से पार करते हुए सचिन को पीछे छोड़ दिया है। संजू अब आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा चौके जड़ने के मामले में 22वें नंबर पर आ गए हैं। उनके नाम अब 301 चौके हैं। इस लिस्ट में 23वें स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं जिनके नाम 395 चौके हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में संजू अब सचिन से आगे निकल गए हैं।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा चौके जड़ने वाले खिलाड़ी**

शिखर धवन - 739 चौके
डेविड वॉर्नर - 624 चौके
विराट कोहली - 617 चौके
रोहित शर्मा - 539 चौके
सुरेश रैना - 506 चौके

इसके अलावा आईपीएल में वह ऐसा करने वाले 22वें खिलाड़ी बने। वहीं वह ऐसा करने वाले 16वें भारतीय हैं। इस लिस्ट में टॉप पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन हैं। धवन ने आईपीएल में 739 चौके दर्ज हैं। वहीं दूसरे नंबर पर डेविड वार्नर तो तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं।

वहीं मैच की बात करें तो राजस्थान ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 214 रन बनाए थे।जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 95 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 217 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। राजस्थान की ओर से युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट लिए। मैच में आखिरी गेंद नो बॉल हो गई जिसके बाद अब्दुल समद ने छक्का जड़कर हैदराबाद के पक्ष में मैच कर दिया।

# टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स ने लांच की यूएस मास्टर्स टी10 लीग, 6 टीमें लेंगी हिस्सा

**एजेंसी। डलास**

अबू धाबी टी10 के आयोजक टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स और अमेरिका स्थित एसएएमपी आर्मी क्रिकेट फ्रेंचाइजी ने टेक्सास के डलास में यूएस मास्टर्स टी10 लीग के उद्घाटन सत्र की घोषणा की। लीग में 6 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। 10 ओवर के रोमांचक मैचों में दिग्गज क्रिकेटर होंगे जो अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं।

एसएएमपी आर्मी क्रिकेट फ्रैंचाइज के मालिक रितेश पटेल-अमेरिकी संस्करण और लीग पार्टनर के मुख्य आयोजकों में से एक, ने कहा, ₹इस तेज विस्फोटक क्रिकेट प्रारूप को यूएसए में लाने के लिए उत्साहित हूं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के पूरी दुनिया में प्रशंसक हैं और यह अमेरिकी प्रशंसकों के लिए अमेरिकी धरती पर पहली बार इसे देखने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा, टी10 की स्थापना 2017 में फुटबॉल जैसे तेज खेल के प्रारूप में लाने के लिए की गई थी और अब हम 6 साल बाद अमेरिका में हैं। चूंकि यह एक तेज, ऊजार्वान और क्रिया-आधारित खेल है, इसलिए हमने सोचा कि अमेरिका इस तरह के प्रारूप के लिए एक बेहतरीन स्थान होगा। यूएस मास्टर्स टी10 लीग के शुभारंभ में कोरी एंडरसन, मिस्बाह-उल-हक और शिवनारायण चंद्रपॉल सहित अन्य यूएसए राष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों ने भाग लिया। मिस्बाह-उल-हक ने कहा, अमेरिका में इस प्रारूप का हिस्सा बनना बहुत सम्मान की बात है, खासकर इस उम्र में। हर कोई चाहता है कि पुराने खिलाड़ी फिर से खेलें और इसलिए यूएस मास्टर्स टी10 सफल होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### बॉक्सिंग : टॉमी फ्यूरी के खिलाफ रीमैच चाहते हैं जेक पॉल

**लंदन।** यूट्यूबर से पेशेवर मुक्केबाज बने जेक पॉल अंग्रेजी पेशेवर मुक्केबाज और रियलिटी टेलीविजन व्यक्तित्व टॉमी फ्यूरी के खिलाफ दोबारा मैच चाहते हैं। जेक पॉल इस साल की शुरूआत में सऊदी अरब में टॉमी फ्यूरी के खिलाफ हार गए थे। फ्यूरी के खिलाफ हार से पहले पॉल ने लगातार ढह मैचों में जीत दर्ज की थी, इस दौरान उन्होंने पूर्व अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप सितारों टायरन वुडली और बेन एस्क्रेन पर जोरदार नॉकआउट जीत दर्ज की थी। पॉल, जो 5 अगस्त को अमेरिका के टेक्सास में नैट डियाज (यूएफसी फाइटर) का सामना करने वाले हैं, फ्यूरी के खिलाफ फिर से रिंग में उतरना चाहते हैं। पॉल ने मियामी ग्रैंड प्रिक्स में स्काई स्पोर्ट्स से दोबारा मैच के बारे में पूछे जाने पर कहा, यह होने जा रहा है, यह निश्चित रूप से होने जा रहा है।

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को ईआईएसएल सीजन 2 का खिताब मिला

**नई दिल्ली।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के लिए टीम बनाकर सारांश जैन और एमाद जमील अहमद ने ईआईएसएल के दूसरे सीजन का खिताब जीत लिया है। सारांश और जमील ने बेंगलुरू एफसी के साग्निक बनर्जी और चरणजोत सिंह को फाइनल में 2-1 से हराया। बेंगलुरू ने गेम 1 को 4-1 के बड़े अंतर से जीतकर मजबूत शुरूआत की थी। वे गेम 2 में नॉर्थईस्ट जोड़ी को क्लीन स्वीप करने के लिए तैयार दिखे, जो गोलरहित समाप्त हुआ और उसके बाद मैराथन पेनल्टी शूटआउट हुआ। हालांकि, एमाद और सारांश ने शूटआउट में 8-7 से जीत दर्ज की और 1-1 से बराबरी कर अंतिम और निर्णायक गेम 3 में प्रवेश किया। एमाद और सारांश ने ने निर्णायक गेम में 3-2 से जीत दर्ज की और 2-1 की जीत के साथ ईआईएसएल का खिताब जीत लिया। नॉर्थईस्ट ने सेमीफाइनल में दो चरणों में 4-1 के कुल योग से केरला ब्लास्टर्स को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं, बेंगलुरू के साग्निक और चरणजोत ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में एफसी गोवा को 4-2 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# पंजाब ने केकेआर को 180 रन का लक्ष्य दिया



**एजेंसी। कोलकाता**

वरूण चक्रवर्ती और हर्षित राणा की धारदार गेंदबाजी के बावजूद पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां कप्तान शिखर धवन के अर्धशतक और निचले क्रम के उपयोगी योगदान से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सात विकेट पर 179 रन बनाए।

धवन ने 47 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के से 57 रन की पारी खेलने के अलावा जितेश शर्मा (21) के साथ चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। शाहरूख खान (आठ गेंद में नाबाद 21), हरप्रीत बरार (नौ गेंद में नाबाद 17) और ऋषि धवन (11 गेंद में 19 रन) ने अंत में तेजतर्रार पारियां खेलकर टीम का स्कोर 180 रन के करीब पहुंचाया।

चक्रवर्ती (26 रन पर तीन विकेट) और हर्षित (33 रन पर दो विकेट) ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर पंजाब को बड़ी साझेदारियां करने से रोका।

धवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रभसिमरन सिंह ने वैभव अरोड़ा के पहले ही ओवर में तीन चौके जड़े।

धवन ने पारी के दूसरे ओवर में हर्षित राणा पर दो चौके मारे लेकिन इस तेज गेंदबाज ने प्रभसिमरन (12) को विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज के हाथों कैच करा दिया।

हर्षित ने अगले ओवर में भानुका राजपक्षे को भी खाता खोले बिना गुरबाज के हाथों कैच कराया।

लियाम लिविंगस्टोन (15) ने आंद्रे रसेल पर लगातार तीन चौके मारे लेकिन चक्रवर्ती ने उन्हें पगबाधा करके छठे ओवर में पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 53 रन कर दिया।

## आईपीएल में नंबर-1 गेंदबाज बने चहल, ब्रावो दूसरे नंबर पर



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में चार विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। चहल आईपीएल में सबसे अधिक विकेट के मामले में सीएसके के पूर्व तेज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो के साथ संयुक्त रुप से शीर्ष पर हैं। चहल ने ब्रावो के 183 विकेटों की बराबरी की है। चहल और ब्रेवों दोनों के अब बराबर विकेट हैं पर बेहतर इकॉनमी रेट के कारण चहल नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। चहल ने आईपीएल में खेले अभी तक 142 मुकाबलों में 7.65 की इकॉनमी और 16.94 के स्ट्राइक रेट से ये विकेट लिए हैं। वहीं ब्रावो ने 161 मैचों में 8.38 की इकॉन्मी के साथ ही यह उपलब्धि अपने नाम की है। चहल ने सबसे कम 142 मैच में अपने नाम कुल 183 विकेट किए है। आईपीएल में 4 विकेट लेने का करनामा उन्होंने 2 बार किया। इकोनॉमी रेट की बात करें तो वह 8.38 की रही है। वहीं दूसरे नंबर पर ब्रावो हैं। चहल से ज्यादा मैच 161 खेलने के कारण वह दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। उन्होंने 5 बार 4 विकेट लिए हैं।

# विश्वकप के लिए पाक टीम को भारत भेजने के लिए पीसीबी ने रखी ये शर्त

**एजेंसी। कराची**




पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस सात के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में भाग ले सकती है पर उसकी एक शर्त भी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चाहता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) साल 2025 में पाक में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी में भाग पर अपनी सहमति दें। स्थानीय मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी इस साल एकदिवसीय विश्वकप के लिए अपनी टीम को भारत भेजने से पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह से एक लिखित करार चाहते हैं। जिसमें ये रहेगा कि उनके देश में 2025 में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम भाग लेगी। अगर बीसीसीआई ये बात मान लेता है तो पाक टीम भारत का दौरा कर सकती है। इस साल पांच अक्टूबर से होने वाले विश्व कप के लिए बीसीसीआई ने पाक के मैचों के लिए अहमदाबाद, बेंगलुरु और कोलकाता को मैच स्थल के रूप में रखा है।

वहीं जय शाह की अध्यक्षता वाले एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने पाक में होने वाले एशिया कप के लिए प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल पर सहमति अभी तक नहीं दी है।

# आरसीबी को कभी ट्रॉफी नहीं दिला पाए विराट कोहली : वसीम अकरम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वसीम अकरम ने हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान के रूप में विराट कोहली के कार्यकाल पर टिप्पणी की। आईपीएल के इतिहास में कुछ सबसे मजबूत टीम होने के बावजूद, आरसीबी कभी भी चैंपियनशिप बनने में सक्षम नहीं रही है। कोहली ने लंबे समय तक आरसीबी की कप्तानी की और उनकी कप्तानी में टीम 2016 में उपविजेता रही। कोहली की कप्तानी में बैंगलोर ने 2020 और 2021 में प्लेऑफ में भी जगह बनाई। हालांकि, वे ट्रॉफी को कभी नहीं उठा सके। स्पोर्ट्सकीड़ा क्रिकेट के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम से पूछा गया कि आईपीएल में कप्तान के तौर पर विराट कोहली में क्या कमी है। सवाल का जवाब देते हुए, अकरम ने कहा कि कोहली एक ही समय में भारतीय टीम और आरसीबी के कप्तान थे, यह दशार्ता है कि कप्तानी कभी-कभी बोझ बन जाती है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि उनमें कहां कमी रह गई। वह बहुत मेहनती लड़का है। शायद वह भारतीय क्रिकेट पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा था और आईपीएल में जब आप कप्तान होते हैं, तो कभी-कभी कप्तानी बोझ बन जाती है। इसलिए वह जहां है वहां बेहतर है। वह बहुत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। ऐसा लगता है कि वह अब अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा है।



# कप्तान रोहित की फॉर्म चिंता का विषय

**एजेंसी। मुंबई**

अब जबकि प्लेऑफ में जगह बनाने की जंग कड़ी हो गई है तब मुंबई इंडियंस के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच से पहले कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म और डेथ ओवरों की गेंदबाजी सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। रोहित ने अभी तक 10 मैचों में 18.39 की औसत से 184 रन बनाए हैं। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि उनका बल्ला नहीं चल पा रहा है। मुंबई अभी अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अगर उसे आगे बढ़ना है तो उसके प्रमुख बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस आईपीएल में रोहित की भूमिका शीर्ष क्रम में टीम को तेज शुरूआत देना है। वह कुछ मैचों में ऐसा करने में सफल रहे लेकिन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए। उनके जल्दी आउट हो जाने से टीम के मध्यक्रम पर दबाव पड़ रहा है। पिछले साल आईपीएल में भी रोहित अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने तब 14 मैचों में 268 रन बनाए थे और उनकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई के लिए यह अच्छी बात है शीर्ष क्रम में रोहित के नहीं चलने पर उसके पास ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा और टिम डेविड जैसे खिलाड़ी हैं जो बखूबी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। रोहित पर से दबाव हटाने के लिए मुंबई ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा लेकिन उसका यह दांव भी नहीं चल पाया। रोहित लगातार दूसरे मैच में खाता भी नहीं खोल पाए जबकि उनकी जगह पारी का आगाज करने वाले ग्रीन केवल छह रन ही बना सके। मुंबई इस मैच में आठ विकेट पर 139 रन ही बना पाया और उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

रोहित की फॉर्म के अलावा मुंबई के लिए डेथ ओवरों की गेंदबाजी भी चिंता का विषय बनी हुई है। उसने पहले गेंदबाजी करने पर लगातार चार मैचों में 200 से अधिक रन लुटाए। इनमें से दो मैच वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर खेले गए थे। दूसरी तरफ आरसीबी विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा क्योंकि जब इन तीनों का बल्ला चला है तब उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 18 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए सोमवार को 20 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। भारतीय टीम अपने इस दौरे में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। यह दौरा हांगझू एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में किया जा रहा है। गोलकीपर सविता को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि दीप ग्रेस एक्का टीम की उपकप्तान होंगी। बिछु देवी खारीबम टीम में शामिल दूसरी गोलकीपर हैं। रक्षा पंक्ति में दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और गुरजीत कौर को टीम में शामिल किया गया है। निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।



अनुभवी वंदना कटारिया अग्रिम पंक्ति की अगुवाई करेंगी, जिसने लालरेमसियामी, संगीता कुमारी और शर्मिला देवी भी शामिल हैं। भारत की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा, ह्यह्यदो कड़े अभ्यास सत्र के बाद हम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को लेकर उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम बेहद मजबूत है और हम आक्रामक हॉकी खेलना पसंद करेंगे।

हमारी कड़ी परीक्षा होगी और हम अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत रखकर उनकी तेजी और आक्रामकता की बराबरी करना चाहेंगे।'' भारत 18, 20 और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा जबकि इसके बाद 25 और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा। सभी पांचों मैच एडिलेड के मेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**आईपीएल 2023 के 52वें मैच** | **कप्तान मार्करम का फूटा गुस्सा, कहा**

# हारी हुई बाजी जीतकर समद बने बाजीगर

**एजेंसी। हैदराबाद**

आईपीएल 2023 के 52वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने एक रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को आखिरी गेंद पर 4 विकेट से मात दी। इस मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 215 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में हैदराबाद के बल्लेबाज अब्दुल समद ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। हालांकि, आखिरी गेंद पर यह मैच राजस्थान जीत ही चुका था कि उनके गेंदबाज संदीप शर्मा एक गलती कर बैठे। सनराइजर्स हैदराबाद को आखिरी गेंद पर 5 रन की जरूरत थी और गेंद का सामना करने के लिए अब्दुल समद क्रीज पर मौजूद थे। संदीप शर्मा ने आखिरी गेंद पर कोई रन नहीं दिया, लेकिन इस दौरान वह गेंदबाजी के लिए निर्धारित लाइन को पार कर बैठे और अंपायर ने इसे नो बॉल करार दिया। वहीं इसके बाद जब उन्होंने दोबारा गेंद डाली तो समद ने छक्का जड़कर अपनी टीम हैदराबाद को जीत दिलाई। हैदराबाद की इस रोमांचक जीत पर कप्तान एडेन मार्करम काफी खुश थे और मैच के बाद जब उनसे अब्दुल समद की फिनिशिंग स्किल पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस तरह के मौकों पर तकनीक काम आती है और मुझे लगता है कि इसे प्रशिक्षित करना होगा।





मार्करम ने कहा, मैच में भावनाएँ बहुत तेजी से बदल गईं, हमारे लिए लक्ष्य का पीछा करना और उसे पार करना बहुथ अच्छा है। 215 रनों का पीछा करना बिल्कुल आसान नहीं है। खिलाड़ियों ने बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए पूरा योगदान दिया। हमें पता था कि इस तरह की तेज आउटफील्ड में हम उम्मीद से ज्यादा स्कोर कर सकते हैं, लेकिन हमें मैच में आक्रामक होना था। अभिषेक शर्मा ने शुरूआत की और फिर राहुल त्रिपाठी ने उनका साथ दिया। फिर ग्लेन फिलिप्स और हेनरिक क्लासेन ने शानादार बल्लेबाजी की। समद के फिनिशिंग कौशल पर सवाल पूछे जाने पर मार्करम ने कहा, मुझे लगता है कि आपको इसे प्रशिक्षित करना होगा, और खुद को दबाव में रखना होगा। आप जोखिम वाला क्रिकेट खेल रहे हैं, तो यहां पर तकनीक काम आती है। मैच की विस्तार से बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद को आखिरी ओवर में जीत के लिए 17 और फिर आखिरी गेंद पर पांच रन की जरूरत थी और गेंद संदीप शर्मा के हाथों पर थी। क्रीज पर खड़े अब्दुल समद (सात गेंद में नाबाद 17 रन) का शॉट सीधे जोस बटलर के हाथों में जाते ही राजस्थान ने जश्न मनाना शुरू किया ही था कि नोबॉल का साइरन बज गया। अगली गेंद पर समद ने छक्का लगाकर टीम को यादगार जीत दिला दी।



# गोफर्स्ट को टिकटों की बुकिंग तुरंत रोकने का आदेश



**एजेंसी। नई दिल्ली**
कैश की तंगी से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन को एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने टिकटों की बुकिंग तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है। डीजीसीए ने गो फर्स्ट को सेफ एफिशिएंट और रिलायबल तरीके से अपने ऑपरेशन जारी रखने में फेल होने को लेकर नोटिस दिया है। डीजीसीए ने प्लाइट्स कैंसिल किए जाने पर एयरलाइन से पूछा आपके ऊपर कोई कार्यवाही क्यों नहीं किया जाए और आपका लाइसेंस क्यों रद्द नहीं किया जाए? 15 दिनों के भीतर एयरलाइन को इस नोटिस का जवाब देना होगा। इसके बाद डीजीसीए इसके लाइसेंस पर फैसला करेगा। लीज पर विमान देने वालों ने अपने एयरलाइन से अपने एयरक्राफ्ट वापस लेने की प्रोसेस शुरू कर दी है। ऐसे में गो फर्स्ट ने सोमवार को एनसीएलटी से अनुरोध किया कि उसकी स्वैच्छिक दिवाला समाधान याचिका पर जल्द फैसला किया जाए। एयरलाइन की दिवालिया याचिका पर एलसीएलटी ने 4 मई को सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। एयरलाइन ने एनसीएलटी से इंटरिम मोरेटोरियम की मांग की है। इंटरिम मोरेटोरियम यानी लोन से जुड़े मामले में पेंडिंग कोई भी कानूनी कार्यवाही रुकी हुई मानी जाएगी। लेनदार किसी भी लोन के मामले में कोई लीगल एक्शन भी नहीं ले सकते। एयरलाइन ये भी चाहती है कि फ्यूल सप्लायर्स फ्लाइट ऑपरेशन के लिए फ्यूल सप्लाई जारी रखें और मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट को कैंसिल न करें। एयरलाइन ने सबसे पहले अपनी फ्लाइट 3, 4 और 5 मई के लिए कैंसिल की थी। इसके बाद फ्लाइट सस्पेंशन को बढ़ाकर 9 मई तक किया। फिर 12 मई कर दिया गया। उसके पास फ्यूल भराने का भी पैसा नहीं है। गो फर्स्ट की वेबसाइट के अनुसार एयरलाइन एक समय रोजाना 27 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 200 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती थी। डीजीसीए ने सख्त रुख दिखाते हुए फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद पैसेंजर्स को उनका पैसा तुरंत लौटाने को कहा है। एयरलाइन ने भी टिकटों का पैसा वापस करने की बात कही है। रिफंड ओरिजिनल पेमेंट मोड के जरिए किया जाएगा। मतलब, जिन लोगों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट का पेमेंट किया है, उनके क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में रिफंड दिखाई देगा। वहीं जिन्होंने वढक और नेट बैंकिंग से पेमेंट किया है, उन्हें रिफंड सीधे उनके अकाउंट में मिलेगा। एनसीएलटी ने गुरुवार को इंटरिम मोरेटोरियम पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। एनसीएलटी ने कहा कि इन्सॉलवेंसी एंड बैंकरप्ट्सी कोड यानी आइबीसी के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। गो फर्स्ट को लीज पर एयरक्राफ्ट देने वाली फर्म्स ने एनसीएलटी से कहा था कि उन्हें एयरलाइन की इंटरिम मोरेटोरियम की मांग पर आपत्ति है।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**
हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज सोमवार (8 मई) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 709 अंकों की तेजी के साथ 61,764 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 195 अंक की तेजी रही, ये 18,264 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में बढ़त और सिर्फ 3 में गिरावट देखने को मिली। चौथी तिमाही के नतीजों के पहले आज टाटा मोटर्स का शेयर करीब 5% बढ़कर 500 रुपए के पार बंद हुआ। इतना ही नहीं कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स ने 502.30 रुपए का अपना नया 52-वीक हाई भी बना लिया है। पीटीएम का शेयर रिजल्ट के बाद करीब 5% यानी 34.40 रुपए की तेजी के साथ 724 रुपए पर बंद हुआ। वहीं नतीजों के बाद कोल इंडिया का शेयर 1.83% गिरकर 233.05 रुपए पर बंद हुआ है। इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ओएनजीसी, हिंडाल्को, एचडीएफसी लाइफ, एचसीएल टेक और एमएंडएम समेत निफ्टी-50 के 42 शेयरों में तेजी रही। वहीं कोल इंडिया, अडाणी एंटरप्राइजेज, सन फार्मा, डॉ रेड्डी, ब्रिटानिया और एमटी समेत 8 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। ठरए के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 9 में तेजी और सिर्फ 2 में गिरावट रही।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
आज हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार (8 मई) को सरार्फा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 388 रुपए गिरकर 61,108 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 55,974 रुपए हो गई है। आइबीजेए की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में भी गिरावट देखने को मिली है। ये 1,049 रुपए सस्ती होकर 76,231 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 77,280 रुपए पर थी। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। इस साल अब तक सोने में शानदार तेजी देखने को मिली है। इस साल की शुरूआत यानी 1 जनवरी को ये 54,867 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 61,071 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इसके दाम में 6,204 रुपए की तेजी आई है।

## चीनी की कीमतों में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली।** चीनी उत्पादन पिछले साल की तुलना में 9 फीसदी कम रहने की उम्मीद के साथ चीनी की कीमतें पहले से ही बढ़नी शुरू हो गई हैं। खुदरा बाजार में पिछले एक महीने में चीनी के दाम में 1.25 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। 2 अप्रैल को चीनी का खुदरा मूल्य 41.05 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2 मई को 42.30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसी तरह थोक भाव भी पिछले एक महीने के दौरान 124 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े हैं। चीनी का थोक मूल्य 2 अप्रैल को 3,805 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर दो मई को 3,929 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

# अग्रणी बायोटेक फर्म ट्विस्ट बायोसाइंस ने 270 कर्मचारियों की छंटनी की

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
अग्रणी बायोटेक्नोलॉजी कंपनी ट्विस्ट बायोसाइंस कॉरपोरेशन ने 270 लोगों, या अपने कर्मचारियों के लगभग 25 प्रतिशत को निकाले की घोषणा की है, क्योंकि इसका उद्देश्य लाभप्रदता के मार्ग में तेजी लाना है। कंपनी ग्राहकों को अपने सिलिकॉन प्लेटफॉर्म का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले सिंथेटिक डीएनए की पेशकश के माध्यम से सफल होने में सक्षम बनाती है। ट्विस्ट ने कहा कि यह उन प्रमुख वाणिज्यिक और विकास अवसरों के समर्थन पर संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करेगा जिनमें निवेश पर महत्वपूर्ण रिटर्न देने की क्षमता है। इसने अपने वित्तीय वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम देते हुए कहा, ट्विस्ट ने व्यवसाय की व्यापक समीक्षा की और पूरे संगठन में कई टीमों का आकार बदल रहा है और अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 270 कर्मचारियों, या लगभग 25 प्रतिशत की कमी कर रहा है। आय-सृजन करने वाली साझेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बायोफार्मा टीम का आकार बदला गया है और ट्विस्ट ने कहा कि वह अपने प्रतिस्पर्धी नेतृत्व को बनाए रखते हुए डीएनए डेटा स्टोरेज में अपने निवेश को मॉडरेट करेगा। ट्विस्ट बायोसाइंस के सीईओ और सह-संस्थापक एमिली एम. लेप्राउस्ट ने कहा, हमने पहली बार 60 मिलियन डॉलर की राजस्व सीमा को तोड़ते हुए और अपने मार्गदर्शन को पार करते हुए एक मजबूत तिमाही की सूचना दी।

## विदेश

### अमेरिका में सड़क पर खड़े लोगों को कार ने रौंदा

# 8 लोगों की मौत, 10 घायल



**एजेंसी। वाशिंगटन**
अमेरिका के टेक्सास में सिटी बस स्टॉप पर खड़े लोगों को एक रवश ने टक्कर मार दी। रविवार को हुए हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, वहीं 10 लोग घायल हो गए। हादसा टेक्सास के ब्राउन्सविल में एक प्रवासी शेल्टर होम के बाहर स्थित बस स्टॉप पर हुआ। मारे गए लोगों में कुछ प्रवासी भी हैं। पुलिस ने टक्कर मारने के आरोपी व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। शेल्टर होम के डायरेक्टर ने बताया कि लोगों को टक्कर मारने के बाद गाड़ी पलट गई और लुढ़कते हुए 200 फीट दूर तक गई। जांच अधिकारी पता लगा रहे हैं कि ये एक हादसा था या जान-बूझकर टक्कर मारी गई थी। पुलिस अधिकारी सैंडोवल ने बताया कि आरोपी ड्राइवर कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है। वो जांच में बिल्कुल सहयोग नहीं कर रहा है। इलाज के बाद उसे सिटी जेल में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके बाद उसके फिंगर प्रिंट्स और फोटो लेकर उसकी पहचान की जाएगी। वहीं आरोपी के नशे में होने का पता लगाने के लिए उसके ब्लड सैंपल की रिपोर्ट ली गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्राउन्सविल में एक ही प्रवासी शेल्टर होम है, जो हजारों प्रवासियों को मैनेज करता है। टाइम मैग्जीन की रिपोर्ट के मुताबिक इस शेल्टर हाउस की कैपिसिटी केवल 250 लोगों की है, जबकि इनके पास रोजाना करीब 400 लोग आते हैं। कुछ हफ्तों में तो प्रवासियों की तादाद इतनी बढ़ गई है कि लोकल प्रशासन को वहां पर इमरजेंसी तक लगानी पड़ी है। चीन से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें एक बीएमडब्ल्यू कार लोगों को कुचलते हुए नजर आ रही है।

## पाक की अर्थव्यवस्था श्रीलंका से भी बदतर : इमरान खान

**लाहौर/वाशिंगटन।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और अपदस्थ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति श्रीलंका से भी ज्यादा खराब हो गई है। लोकल मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार हालांकि, उन्होंने कहा कि जनादेश वाली एक मजबूत सरकार देश को आर्थिक दलदल से बाहर निकाल सकती है। पीटीआई प्रमुख ने दोहराया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव देश में मौजूदा आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता का एकमात्र समाधान है। ब्लूमबर्ग की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए इमरान ने कहा कि इस प्रकाशन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति श्रीलंका से भी ज्यादा खराब हो गई है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, आज श्रीलंका की तुलना में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर अधिक है।

### यूक्रेन ने क्रेमलिन के ड्रोन हमलों का दिया जवाब

# 35 ड्रोन को किया खत्म हमलों में 3 की मौत

**एजेंसी। कीव**
यूक्रेन के वायु सेना ने कीव के ऊपर ईरानी निर्मित 35 ड्रोनों को मार गिराया। अधिकारियों के अनुसार क्रेमलिन बलों के हमलों में तीन नागरिकों की मौत हो गई। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख सेर्ही पोपको के मुताबिक, ड्रोन का मलबा गिरने से राजधानी में पांच लोग घायल हो गए। रात के दौरान तीन घंटे से अधिक समय तक हवाई हमले का अलार्म बजता रहा। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि ड्रोन का मलबा कीव के पश्चिमी सिवातोशिन्स्की जिले में एक दो मंजिला अपार्टमेंट की इमारत में गिरा, जबकि अन्य मलबा पास में खड़ी एक कार पर गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के कारण आर्थिक प्रतिबंधों और इसकी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर सीमाओं का सामना करते हुए, रूस ने अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से ईरान के शहीद ड्रोनों की ओर रुख किया है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के उत्तरी, दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में 127 ठिकानों पर रूसी गोलाबारी में तीन नागरिकों की मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रेमलिन की सेना ने यूक्रेन पर बमबारी करने के लिए टैंक, ड्रोन, मोर्टार, युद्धक विमान, कई रॉकेट लॉन्चर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने कहा कि रूसी लंबी दूरी की मिसाइलों ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में आठ क्रूज मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट के अनुसार, सोवियत काल की कुछ क्रूज मिसाइलों को ओडेसा क्षेत्र के खिलाफ दागा गया था।

## मजबूर

### कनाडा के अल्बर्टा में जंगलों में लगी आग, 31 जगहों पर स्थिति कंट्रोल से बाहर

# अब तक 30 हजार लोगों ने घर छोड़ा

**एजेंसी। कनाडा**
कनाडा के अल्बर्टा में जंगलों में लगी आग ने 30 हजार लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर किया है। रविवार शाम तक वहां की 108 जगहों पर जंगलों में आग लगी थी। इनमें से 31 जगहों पर स्थिति नियंत्रण से बाहर बताई गई है। ये जानकारी अल्बर्टा की वाइल्ड फायर यूनिट की सूचना अधिकारी क्रिस्टी टकर ने दी है। उन्होंने बताया कि ये आग बुझाने के लिए हेलिकॉप्टर और एयर टैंकर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इलाके से बचाए गए लोगों को सुरक्षित जगह पर भेजा गया है। जंगलों की आग से खतरे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बारिश होने के बावजूद उस पर कोई असर नहीं पड़ा। पर्यावरण पर काम करने वाले एरिन स्टाउंटन ने कहा कि इससे आग पर न के बराबर ही असर पड़ेगा। वहीं, पूरे अल्बर्टा राज्य में आग से निपटने के लिए इमरजेंसी लगानी पड़ी है। खुद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इस मामले में नजर बनाए हुए हैं। अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ ने बताया कि आग से अब तक 3 लाख एकड़ से ज्यादा का एरिया जल चुका है। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका ड्रायटन वैली को बताया जा रहा है। जहां 140 किलोमीटर प्रति घंटा से चल रही हवाओं की वजह से आग तेजी से फैल रही है। जंगल की आग से हर साल 4 मिलियन स्कवायर किलोमीटर का इलाका जल जाता है। आग जलने के लिए हीट, ईंधन और ऑक्सीजन जरूरी होते हैं। जंगल में ऑक्सीजन हवा में ही मौजूद होती है। पेड़ों की सूखी टहनियां और पत्ते ईंधन का काम करते हैं। वहीं एक छोटी सी चिंगारी हीट का काम कर सकती है। ज्यादातर आग गर्मी के मौसम में लगती है। इस मौसम में एक हल्की चिंगारी ही पूरे जंगल को आग की चपेट में लेने के लिए काफी होती है। ये चिंगारी पेड़ों की टहनियों के आपस में रगड़ खाने से या सूरज



## पेज एक के शेष

### राज्य में उद्योग के ...

पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है जबकि देश में कई ऐसे राज्य हैं, जिनके पास उतने संसाधन नहीं हैं लेकिन आज वे अग्रणी राज्यों में शामिल हैं। यह चिंतनीय विषय है। सोरेन ने कहा कि किस प्रकार इस राज्य को आने वाले समय में एक बेहतर दिशा देकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कर सकें, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। साथ ही कहा कि झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एग्रीकल्चर के क्षेत्र में भी सकारात्मक कार्य करे।

### बेहतरीन उद्योग ...

लिए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स कि कोई अच्छी योजना हो तो हमारी सरकार सब्सिडी बढ़ाकर 35 से 40 प्रतिशत भी करने पर विचार करेगी। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लाई गई हैं। राज्य सरकार की सोच है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग और समुदाय को मिले। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में राज्य सरकार एवं झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स बेहतरीन समन्वय बनाकर राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री को उनकी एक लाइव पोट्रेट तस्वीर सप्रेम भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने ट्रेड फेयर में लगे स्टॉल्स को भी देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री सहित सभी सदस्य और बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद थे।

### केरल : नाव पलटने से...

22 हो गई है। नाव पर यात्रा कर रहे लोगों की सही संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी है। सुबह करीब साढ़े नौ बजे सीएम यहां पहुंचेंगे। सर्च ऑपरेशन जारी है। एनडीआरएफ, फायर और स्कूबा ड्राइविंग टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। नेवी की टीम भी आगे आई है। एनडीआरएफ की दूसरी टीम भी यहां पहुंचेगी। रविवार की रात को जैसे ही नाव पलटने की सूचना मिली, वैसे ही कई वाहन मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने घटना के बाद आधी रात को राज्य के स्वास्थ्य विभाग की आपात बैठक बुलाई और अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने घायलों के बेहतर इलाज और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने सोमवार को सुबह छह बजे पोस्टमार्टम शुरू करने के भी सख्त निर्देश दिए हैं। वहीं केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मलप्पुरम में नाव पलटने की घटना में लोगों की मौत पर रविवार को शोक व्यक्त किया। सीएम पिनाराई विजयन ने कहा कि मलप्पुरम में तानूर नाव दुर्घटना में लोगों की दुखद मौत से गहरा दुख हुआ है। जिला प्रशासन को बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से समन्वयित करने का निर्देश दिया है, जिसकी निगरानी कैबिनेट मंत्रियों द्वारा की जा रही है। पीड़ित परिवारों और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना।

### जोनल कमांडर समेत...

में सरेंडर कर दिया। इससे पहले 4 मई को रीजनल कमांडर इंदल गंझू ने भी सुरक्षाबलों के समक्ष सरेंडर कर दिया था।

**गिरफ्तार आरोपियों ने भारी मात्रा में हथियार के साथ किया सरेंडर**

भाकपा माओवादियों के द्वारा संगठन में इस्तेमाल किए जाने वाले एके 56 रायफल , इंसाफ व घातक हथियार भी सौंपे। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों ने दो एके 56 रायफल, एक एसएलआर, एक इंसास, 04 मार्क रायफल दो, एक एयरगन, दो देशी बंदूक, एक पिस्टल, 1855 जिंदा गोली, 41 मैजगीन, 16 वायरलेस सेट, आईईडी बनाने के पाउडर, पोटाश, 25 किलोग्राम मानसिल व अन्य सामग्री भी पुलिस को सौंपा। जोनल कमांडर अमरजीत यादव गया के बाराचट्टी का रहने वाला है, उसके खिलाफ चतरा, गया, औरंगाबाद में 81 केस दर्ज हैं। वहीं सहदेव यादव के खिलाफ चतरा, हजारीबाग, औरंगाबाद, गया में 53 उग्रवादी कांड लंबित है। नीरू यादव के खिलाफ चतरा, हजारीबाग, गया, औरंगाबाद में 60, संतोष भूईंया के खिलाफ 27 व अशोक बैगा के खिलाफ दो केस दर्ज हैं।

**कौलेश्वरी जोन मुक्त होने का दावा**

राज्य पुलिस के आइजी अभियान अमोल वी होमकर ने कहा कि माओवादियों के द्वारा कौलेशवरी जोन में लगातार गतिविधियां की जा रही थी। लेकिन चतरा के गड़िया और केडिमोह में सुरक्षाबलों के द्वारा कैंप स्थापित किए जाने के बाद नक्सलियों की गतिविधियां इलाके में कम हुईं। पुलिस की दबिश के कारण हाल में मुठभेड़ में पांच माओवादी मारे गए थे, जबकि इंदल ने सरेंडर किया था। आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान आईजी अभियान अमोल वी होमकर की ओर से 29वीं वाहिनी एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल), गया बिहार की विशेष सराहना की। उन्होंने बताया कि इसमें पूरी टीम के अलावा एसएसबी के कमांडेंट एचके गुप्ता और सहायक कमांडेंट रामवीर कुमार की अहम भूमिका रही।

**किन किन माओवादियों ने किया सरेंडर**

जोनल कमांडर अमरजीत यादव, साकिन- गड़हातरी, थाना- बाराचट्टी, गया, सबजोनल सहदेव यादव, ग्राम- सिकिद, थाना - राजपुर, चतरा सब जोनल नीरू यादव, साकिन- झांझी, थाना- बाराचट्टी, सब जोनल संतोष भूईंया, ग्राम- केवलिया, प्रतापपुर, चतरा, दस्ता सदस्य अशोक बैगा, ग्राम- हेसातू, थाना - कुंदा, चतरा

### सुकमा में सुरक्षाबलों ने...

जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की तो नक्सली पीछे हटकर भागने लगे। पुलिस फायरिंग बंद होने के बाद इलाके की सर्चिंग में एक महिला सहित दो नक्सलियों के शव मिले। इनकी शिनाख्त एलओएस कमांडर मडकम एर्रा और उसकी पत्नी एलओएस सदस्य पोडियम भीमे के रूप में हुई। इनमें नक्सली गोलापल्ली एसओएस कमांडर मडकम एर्रा पर आठ लाख रुपये और महिला नक्सली एर्रा की पत्नी पोडि ?ाम भीमे पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। दोनों नक्सलियों पर कई वारदात में शामिल होने के आरोप हैं।

### अफसर अली से सीधे ...

कि फर्जी कागजात बनाने का मास्टरमाइंड अफसर अली सीधे तत्कालीन डीसी छवि रंजन से संपर्क में था। अफसर अली ने कई ऐसे जमीन के फर्जी कागजात बनाएं, जिनकी जानकारी पहले से छवि रंजन को थी। इन जमीनों में कई बार मध्यस्थ के तौर पर विपिन सिंह ने पैसे पहुंचाए। विपिन सिंह कई अधिकारियों को पैसे पहुंचा चुका है, उसने सोमवार को पूछताछ के दौरान यह कबूल भी किया। सोमवार को जब छवि रंजन से अधिकारियों ने पूछा कि अफसर अली ने यह बात बतायी थी कि अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश की मौजूदगी में बतौर डीसी उन्होंने बड़गाईं अंचल अधिकारी मनोज कुमार को बुलाकर सेना जमीन में जगतबंधु टी एस्टेट को जमीन बेचने वाले प्रदीप बागची के पक्ष में सत्यापन रिपोर्ट देने को कहा था, तब छवि रंजन ने इस बात से इंकार किया। उन्होंने सोमवार को भी दुहराया कि उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि फर्जी तरीके से कागजात बनाए गए हैं। छवि रंजन ने सोमवार को भी दोहराया कि उनकी कोई पहचान अमित अग्रवाल या प्रेम प्रकाश से नहीं है।

**लखन सिंह का नाम कई जमीनों में उभर कर आया**

अफसर अली ने रांची में जिन जिन जगहों पर फर्जी कागजातों के सहारे जमीन हड़पी है, उन सभी जगहों पर लखन सिंह का नाम किसी न किसी तरह से उभर कर सामने आया है। ईडी ने जांच में पाया है कि तकरीबन एक दर्जन से अधिक जगहों पर जमीन की बिक्री में लखन सिंह या तो गवाह बना है या पहचानकर्ता के तौर पर उसने हस्ताक्षर किए हैं।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ...

शीर्ष गोलकीपर सविता करेंगी, जिन्हें हाल ही में बलबीर सिंह सीनियर हॉकी इंडिया प्लेयर ऑफ द ईयर (2022) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उप कप्तान के रूप में दीप ग्रेस एक्का रहेंगी। यह दौरा हांग्जो एशियाई खेल 2023 से पहले टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। भारत 18 मई, 20 मई और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया से और 25 मई और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया 'ए' से भिड़ेगा. एडिलेड का मेट स्टेडियम सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# हनुमानगढ़ : फाइटर प्लेन मिग 21 क्रैश, 3 महिलाओं की मौत

## दो युवतियां और एक महिला घायल, विमान का पायलट सुरक्षित

**एजेंसी। श्रीगंगानगर**

हनुमानगढ़ जिले के सदर थाना क्षेत्र के गांव बहलोल नगर की आबादी क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे फाइटर प्लेन मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान आबादी क्षेत्र में रतन सिंह उर्फ रतीराम के घर के ऊपर गिरा। उस समय घर के कमरे में छह महिलाएं व युवतियां मौजूद थीं। हादसे में तीन महिलाओं की प्लेन के मलबे में जलकर मौत हो गई है। दो युवतियां और एक महिला घायल हो गईं, जबकि विमान का पायलट सुरक्षित है। हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि हादसे में कच्चे मकान में



रहने वाली 45 वर्षीय बंशो कौर पत्नी रतीराम, 60 वर्षीय बंतो पत्नी लाल सिंह व 55 वर्षीय लीलादवी पत्नी रामप्रताप शर्मा की जलने से मौत हो गई। हादसे में रतन सिंह की 18 वर्षीय बेटी सरोज, 19 वर्षीय बेटी विमला व 32 वर्षीय वीरपाल कौर घायल हो गई। हादसे के समय यह सभी कमरे में बैठे थे। एसपी चौधरी ने बताया कि विमान का पायलट राहुल अरोड़ा भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हादसे के बाद करीब 11 बजे दो विमानों से एयर फोर्स की दो राहत टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। टीमों ने बचाव के लिए तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया। अचानक हुए हादसे की सूचना जैसे ही लोगों को मिली, तो हर कोई घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ा। सूचना पाकर हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर रुकमणि रियार सिहाग भी मौके पर पहुंची गईं।

### सीएम ने सूरतगढ़ हादसे पर व्यक्त की संवेदना

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने हनुमानगढ़ के सूरतगढ़ में भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान हादसे पर संवेदना व्यक्त की है। गहलोत ने ईश्वर से दिवंगतजनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की है। उन्होंने मिग-21 के पायलट एवं अन्य घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरतगढ़ में भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मृत्यु होना दुखद है। मृतकों के परिजनों को चिरंजीवी बीमा से नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी।

**फोटो ऑफ द डे**



गर्मी के दिनों में आम (मैना) पक्षी पानी में खेलती हैं। (फोटोः आईएएनएस)

# रक्षा मंत्री ने भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया

### विभिन्न युद्धों में वायु सेना की यादगार भूमिका को भित्ति चित्रों के माध्यम से दशार्या गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को चंडीगढ़ में भारत का पहला वायु सेना हेरिटेज सेंटर राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र उन सभी के साहस और समर्पण का वसीयतनामा है, जिन्होंने भारतीय वायु सेना में सेवा कर राष्ट्र की रक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। यह अद्भुत पहल भारतीय वायु सेना की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के साथ युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।

इस केंद्र में पाकिस्तान के साथ 1965, 1971 और कारगिल युद्ध, बालाकोट हवाई हमले सहित विभिन्न युद्धों में भारतीय वायु सेना की यादगार भूमिका को भित्ति चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है। 17000 वर्ग फुट में फैला यह सेंटर देशवासियों के लिए बड़ा आकर्षण होगा। इस हेरिटेज सेंटर की स्थापना केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और भारतीय वायुसेना के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत की गई है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेरिटेज सेंटर के मुख्य हाल का उद्घाटन करने के बाद हेरिटेज म्यूजियम का दौरा किया।

उन्होंने पार्किंग एरिया में लगाए मिग-21 के कॉकपिट पर बैठकर जायजा लिया। इसके बाद वे हेरिटेज सेंटर के लॉन एरिया में बनाई सोवेनियर शॉप को भी देखा और एचपीटी-32 एयरक्राफ्ट का जायजा लिया। उन्होंने एयरक्राफ्ट मिग-23 के साथ फोटो सेशन में भी हिस्सा लिया। इसके बाद यहीं से शहर को तीन अलग-अलग प्रोजेक्टों की सौगात दी।

# सिडनी में क्वाड समिट का इंतजार कर रहे अल्बानीज : ऑस्ट्रेलियाई दूत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओफारेल ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज 23-24 मई को सिडनी में होने वाले आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अल्बनीस 23-24 मई को क्वाड शिखर सम्मेलन की प्रतीक्षा कर रहे हैं और मैं भी, क्योंकि यह दुनिया को सिडनी दिखाने का शानदार अवसर है। क्वाड के सभी चार भागीदारों के लिए यह एक दिलचस्प वर्ष है। भारत जी20 की मेजबानी कर रहा है, जापान जी7 की मेजबानी कर रहा है, ऑस्ट्रेलिया क्वाड की मेजबानी कर रहा है, और अमेरिका एपीईसी की मेजबानी कर



रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए, क्वाड पार्टनर हम सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए बहुपक्षीय सहयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समिट में हिस्सा लेने वाले हैं। ओफारेल ने आगे कहा कि सिडनी में होने वाला क्वाड शिखर सम्मेलन सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एजेंडा सुनिश्चित करेगा।

# जीमेल आपके डाटा से तो कमाएगा ही, आपसे पैसा भी वसूलेगा

### उपयोग के लिए पैसा नहीं देंगे तो उसका विज्ञापन देखना पड़ेगा

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अब जीमेल भी आपसे पैसा वसूलेगा। आपको मुफ़्त में उपयोग करने की छूट देकर पहले तो स्टोरेज बढ़ाने के लिए कीमत वसूलना शुरू किया। यदि आप जी मेल पर विज्ञापन नहीं देखना चाहते हैं तो आपको पैसा देना पड़ेगा। जो पैसा नहीं देगा, उसको जी मेल पर विज्ञापन देखना पड़ेगा। लेकिन आपके डाटा का उपयोग करके जिस तरह से जीमेल लाभ कमा रहा है, उसके बदले आपको पैसा नहीं देगा। इस तरह से आप इन बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दादागिरी में जेब पर चपत लगवाते जा रहे हैं। अपनी जरूरी सूचनाएं तो इनको दे ही रहे हैं। ऐसे में यदि चीन की तरह भारत सरकार भी अपना अलग इंडिया मेल जैसा कोई मेल बना ले तो देश का बहुत भला होगा। लेकिन भारत सरकार तो इजराइल की पेगासस बनाने वाली कंपनी और अमेरिका की ट्वीटर, वाट्सएप, गुगल को ही पसंद कर रही है। जो भारत के एक सौ चालीस करोड़ जनता को अपना डाटा माइन्स मानकर बहुत लाभ कमा रहे हैं। सो पैसा वसूलने के लिए गूगल ने अपनी जीमेल सर्विस पर विज्ञापन दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी जल्द ही पेड सर्विस शुरू कर सकती है। जीमेल इनबॉक्स पर विज्ञापन का कब्जा है। यानी जीमेल अब यूट्यूब की राह पर चलने की तैयारी कर रहा है। यूट्यूब पर यदि आप विज्ञापन नहीं देखना चाहते तो आपको पेड सर्विस लेनी होती है। आने वाले समय में हमें प्लान जीमेल के लिए भी देखने मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गूगल एड्स अब इनबॉक्स के 'अपडेट' फिल्टर के बीच में दिखना शुरू हो गया है। यह विशेष फिल्टर, जो अब तक विज्ञापनों से मुक्त था, ऑर्डर, महत्वपूर्ण सूचनाओं, बिलों और प्रमोशनल मैसेज से से संबंधित ईमेल को ऑटोमेटिक रूप से मैनेज करता है। ईमेल में अब 'प्रमोशन' और 'सोशल' नाम के दो अन्य डिफॉल्ट ऑप्शन भी मिलते हैं। हाल ही में जीमेल ने अपडेट्स टैब की शुरूआत में दो विज्ञापन देना शुरू किया है। रिपोर्ट के अनुसार, जीमेल अपने विज्ञापनों को अपनी ईमेल सर्विस के डेस्कटॉप वर्जन में भी शामिल कर रहा है। डेस्कटॉप पर उन्हें विभिन्न टैब के तहत व्यवस्थित ईमेल की लिस्ट में वितरित कर रहा है। हालांकि, ये विज्ञापन प्राइमरी इनबॉक्स में डिस्प्ले नहीं होते हैं। गूगल ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि हम हमेशा फॉर्मेट के साथ प्रयोग कर रहे हैं, और नए व्यवसायों को सर्च करने और उनसे जुड़ने में लोगों की मदद करने के तरीकों पर काम कर रहे हैं। प्रमोशन टैब उन व्यवसायों से प्रमोशनल संबंधी ईमेल दिखाता है, जिन्हें लोग सब्सक्राइब करते हैं, साथ ही उन कंपनियों के ऑफर और डील भी दिखाते हैं, जिन्हें लोग पसंद कर सकते हैं। पिछले साल प्रमोशनल टैब में इनस्ट्रीम विज्ञापनों को पूरे मोबाइल पर रोल आउट किया था और पिछले महीने डेस्कटॉप पर भी इसका विस्तार किया गया है।

## कश्मीर घाटी में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार को भूकंप का झटका महसूस किया गया है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 रही। हालांकि, भूकंप के कारण कहीं से भी किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप का केंद्र बारामूला जिले में था और भूकंप जमीन से 10 किमी की गहराई में दोपहर 02:28 बजे आया। विशेषज्ञों ने क्षेत्र में एक बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भूकंप के कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, भूकंप का झटका महसूस होते ही कई लोग अपने घरों, दुकानों तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों से बाहर निकल आए और कुछ देर तक खुले में ही रहे।

# उन्नत खेती के लिए ड्रोन एआई का उपयोग करने की तैयारी

### किसान ड्रोन व एआई आधारित तकनीक का कर सकेंगे इस्तेमाल

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भारतीय किसान उर्वरक सहकारी (इफको) कृषि विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के तकनीकी सहयोग से अखिल भारतीय स्तर पर ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नैनो यूरिया व नैनो डीएपी जैसे नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है। ड्रोन एआई एक एकीकृत कार्यक्रम है जो ड्रोन, नैनो, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मोबाइल प्रौद्योगिकियों के संयोजन से नैनो उर्वरकों व अन्य कृषि रसायनों चरणबद्ध अनुप्रयोग को बढ़ावा देता



है। किसान अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से इन उन्नत तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं। यह तकनीक छिड़काव को कुशल, लागत प्रभावी और सुरक्षित बना देगा। इसके इस्तेमाल से किसान छिड़काव करते समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सॉफ्टवेयर फसल की वृद्धि और स्वास्थ्य का पता लगा सकता है। इससे किसानों को स्मार्ट खेती की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस एक सफल ड्रोन छिड़काव प्रणाली का निर्माण करना, ग्रामीण युवाओं व किसानों के साथ समन्वय से प्रणाली को संचालित करना और उन्हें उन्नत प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित करना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके।ड्रोन, उनके परिवहन वाहन और सुरक्षित उड़ान से संबंधित सभी अनिवार्य प्रोटोकॉल इस प्रक्रिया में अंतर्निहित हैं और किसान अनुकूल मोबाइल ऐप की मदद से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में एकीकृत ड्रोन तकनीक को बढ़ावा दिया जा सकता है। यह किसानों को स्मार्ट खेती की ओर बढ़ने में मदद करेगा। ड्रोन एआई खेती में ड्रोन प्रौद्योगिकी की प्रभावी ढंग से निगरानी और मार्गदर्शन करने में मदद करेगा और किसानों को कम लागत पर बड़े क्षेत्रों में सुरक्षित रूप से नैनो उर्वरक और कृषि रसायन का स्प्रे करने को बढ़ावा देगा। इस ड्रोन एआई का परीक्षण मॉड्यूल इफको की ओर से टीएनएयू के साथ तकनीकी सहयोग से 2 मई को कोयम्बटूर के तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि अनुसंधान स्टेशन में शुरू किया गया।

**मणिपुर हिंसा**

## हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई हैरानी

# जनजाति की लिस्ट पर पूछा-कैसे दे सकते हैं आदेश?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई है कि हाईकोर्ट किसी समुदाय को जनजाति की लिस्ट में शामिल करने का आदेश कैसे दे सकता है? अब इस मामले पर अगली सुनवाई 17 मई को होनी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और मणिपुर सरकार को पूर्वोत्तर के इस राज्य में जातीय हिंसा से प्रभावित हुए लोगों की सुरक्षा बढ़ाने, राहत प्रदान करने तथा उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। अदालत का यह निर्देश इन दलीलों पर संज्ञान लेने के बाद आया कि बीते दो दिनों में वहां कोई अप्रिय घटना नहीं हुई



है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हिंसा के बाद की स्थिति को मानवीय समस्या करार देते हुए कहा कि राहत शिविरों में उपयुक्त इंतजाम किये जाएं, वहां शरण लिए लोगों को भोजन, राशन तथा चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। केंद्र और राज्य की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हिंसा से निपटने के लिए उठाए गए कदमों से पीठ को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सेना और असम राइफल्स की टुकड़ियों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 52 कंपनियां हिंसा प्रभावित इलाकों में तैनात की गई हैं। पीठ ने निर्देश दिया कि विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक प्रयास किये जाएं। पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। न्यायालय ने उपासना स्थलों की सुरक्षों के लिए उपयुक्त कदम उठाने का भी आदेश दिया। मणिपुर के पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों और इंफाल घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक समुदाय मेइती के बीच हिंसक झड़पों में अब तक 50 से अधिक लोग मारे गये हैं। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की उसकी मांग को लेकर यह हिंसा भड़की थी। हिंसा के कारण 23,000 लोगों ने सैन्य छावनियों और राहत शिविरों में शरण ले रखी है। शीर्ष न्यायालय ने मणिपुर हिंसा से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई 17 मई के लिए निर्धारित कर दिया और केंद्र तथा राज्य को तब तक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 23 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री की



न्यायिक हिरासत 23 मई तक बढ़ा दी है। आज इस मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। कोर्ट ने 23 अप्रैल को मनीष सिसोदिया को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। सीबीआई ने 25 अप्रैल को दाखिल पूरक चार्जशीट में सिसोदिया को आरोपित बनाया है। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

**FILMY हलचल**

## अक्षय कुमार की तारीफ करती नजर आईं रवीना टंडन



**अक्षय** कुमार और रवीना टंडन हाल ही में एक इवेंट के दौरान मिले। तभी से दोनों की फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। कभी रिलेशनशिप में रहे अक्षय और रवीना का ब्रेकअप हो गया था और फिर कभी साथ नहीं दिखे। अब करीब दो दशक बाद दोनों साथ नजर आए। इतना ही नहीं, उन्होंने आपस में बातचीत भी की। रवीना ने भी अक्षय की तारीफ की। मुंबई में आयोजित एक इवेंट में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार नजर आए। इस इवेंट में रवीना टंडन और अक्षय कुमार भी पहुंचे। इवेंट के कुछ वीडियो क्लिप और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें दोनों आपस में बात करते नजर आ रहे हैं।

## पंजाब यूनिवर्सिटी आयुष्मान खुराना को करेगी सम्मानित

**एक्टर** आयुष्मान खुराना को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी सम्मानित करेगी। एक्टर 20 मई को यह पुरस्कार लेने के लिए चंडीगढ़ जाएंगे और प्रतिष्ठित संस्थान के छात्रों के साथ बातचीत भी करेंगे। पंजाब यूनिवर्सिटी के पूर्व



छात्रों की लिस्ट में ऐसे लोग शामिल हैं, जिन्होंने आयुष्मान की तरह विश्व स्तर पर भारत को गौरवान्वित किया है। अन्य प्रसिद्ध पूर्व छात्रों में पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह, भारती उद्यमों के सीईओ सुनील भारती मित्तल, पत्रकार शेखर गुप्ता, और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी शामिल हैं।